चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 135 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

08 नवंबर 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम

30 अधिकतम

21 न्यूनतम

## एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर पुराना फैसला खारिज

### अब 3 जजों की बेंच करेगी निर्धारण

**नईदिल्ली, एजेंसी**



अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे पर आज सुप्रीम कोर्ट ने इस दर्जे को नए सिरे से तय करने के लिए तीन जजों की एक समिति गठित कर दी। कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है व कहा कि नई बेंच एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने के मानदंड तय करेगी। इस मसले पर तीन जजों ने डिसेंट नोट दिया है कोर्ट ने फैसले में 1967 के उस फैसले को खारिज कर दिया है, जो एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार करने का आधार बना था। सीजेआई ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि अल्पसंख्यक मानने के मानदंड क्या है? अल्पसंख्यक चरित्र का उल्लंघन ना करे। शैक्षणिक संस्थान को रेगुलेट किया जा सकता है। धार्मिक समुदाय संस्था स्थापित कर सकता है।

**क्या है विवाद:** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की स्थापना 1875 में सर सैयद अहमद खान द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम कॉलेज के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य मुसलमानों के शैक्षिक उत्थान के लिए एक केंद्र स्थापित करना था. बाद में, 1920 में इसे विवि दर्जा मिला और नाम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय रखा। एएमयू अधिनियम 1920 में साल 1951 और 1965 में हुए संशोधनों को मिलीं कानूनी चुनौतियों ने विवाद को जन्म दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 1967 में कहा कि एएमयू एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी है। लिहाजा अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के विरोध के चलते 1981 में एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने वाला संशोधन हुआ। 05 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1981 के एएमयू संशोधन अधिनियम को असंवैधानिक करार दे दिया। फिर 06 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी। फिर 2016 में केंद्र ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के सिद्धांतों के विपरीत है। 19 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की बेंच ने मामले को सात जजों की बेंच के पास भेजा था, जिस पर आज फैसला आया है।

### मुख्यमंत्री ने विजयपुर में बिताई रात, चुनाव प्रचार के लिए झारखंड हुए रवाना

# सीधे संवाद वाली बैठकों से उपचुनाव में समीकरणों को कसने की कोशिशें

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



मप्र के कांटे का उपचुनाव माने जा रहे विजयपुर क्षेत्र में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मोर्चा संभालकर जरूरी कसावट कर दी है। दरअसल भाजपा के अंदरखाने माना जाने लगा था कि विजयपुर में सभी मोर्चे ठीक नहीं हैं। लिहाजा कल दिनभर मुख्यमंत्री ने विजयपुर क्षेत्र में अपनी सक्रियता रखी। आज सुबह तक विजयपुर मे डेरा डाले रहे और यहां से झारखंड में प्रचार के लिये रवाना हुए। इससे पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ उन्होंने तीन जनसभाएं, अलग–अलग रोड शो किए। कल रात को विजयपुर में ही नाइट हाल्ट के पहले वे सड़कों पर घूमे व लोगों से मिले,कार्यकर्ता व नेताओं के साथ बंद कमरे में चर्चा की।

दरअसल,विजयपुर में कांग्रेस से आए मौजूदा वन मंत्री रामनिवास रावत चुनाव लड़ रहे हैं, उनको लेकर चुनावी चर्चा ठीक नहीं है। भाजपा के भीतर भी कई नेता उनके आगमन से अनमने हैं। बताया जाता है कि सीएम यादव ने बंद कमरे में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक भाजपा नेताओं के साथ संवाद किया। ये वे नेता थे, जो कहीं न कहीं तवज्जो नहीं मिलने से नाराज थे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने मनाया। साथ ही चुनाव में अपने-अपने स्तर पर मेहनत करने की सीख दी।

उधर बुधनी में शिवराज सिंह चौहान ने भी इसी तरह कल दिनभर सभा व बैठकें की और उन नेताओंकार्यकर्ताओं से चर्चा की जो टिकट तय होने के बाद नाराज हो गये थे।

कांग्रेस ने यहां मुकेश मल्होत्रा को टिकट देकर आदिवासी दांव खेला है। कल उनके लिये सचिन पायलट,दिग्विजय सिंह,अरूण यादव व जीतू पटवारी ने प्रचार किया। कांग्रेस एक के बाद एक रावत पर नए आरोप लगा रही है। अब कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने नए सिरे से संवेदनशील केंद्रों की सूची सौंप दी है। कुछ अधिकारियों को हटाने की मांग की है। चुनाव की घोषणा के बाद सरकार द्वारा किए गए बदलाव को यथावत करने मांग पर अड़ी है।

## आश्वासन बनाम विज्ञापन बना चुनाव

दूसरी तरफ महाराष्ट्र विस चुनाव में दो बड़े गठबंधनों महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच का सत्ता समर अब आश्वासन बनाम विज्ञापन की शक्ल ले चुका है। महायुति ने विधानसभा चुनावों के लिए अपने घोषणा पत्र में 10 गारंटी दी थी जिसका जवाब एमवीए ने पांच गारंटी से देकर मामला रोचक बना दिया है। एमवीए की ओर से गारंटी कार्ड जारी किए जाने के बाद महायुति की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने महाराष्ट्र के अखबारों में विज्ञापन दिया है – खटाखट वादे करने वालों से सावधान। कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग से शिकायत कर कार्रवाई की मांग का डाली है। एमवीए ने महिलाओं को हर महीने तीन हजार और प्रत्येक बेरोजगार को चार हजार रुपये मासिक देने का वादा किया है। इस पर भाजपा ने हिमाचल प्रदेश से लेकर कर्नाटक और तेलंगाना तक में कांग्रेस की ओर से किए गए वादों का जिक्र करते हुए विज्ञापन दिया है। इसी पर नया विवाद शुरू हो गया है।

### चार साल के लिए बनाई दूरी

## ट्रंप के खिलाफ महिलाओं का 4-बी मूवमेंट, वोट देने वाले पुरूषों का बायकॉट

**वाशिंगटन, एजेंसी**




अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से कई महिलाएं नाराज नजर आने लगी हैं। इन महिलाओं ने दक्षिण कोरिया के एक फेमिनिस्ट मूवमेंट की तर्ज पर ऐसे पुरुषों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है जिन्होंने चुनाव में ट्रंप को वोट दिया। अमेरिका में इसे 4 बी मूवमेंट का नाम दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में कई महिलाओं ने ट्रंप को व्हाइट हाउस पहुंचाने वाले पुरुषों के खिलाफ हल्ला बोल रखा है। इस मूवमेंट में शामिल महिलाओं ने ट्रंप को वोट देने वाले वाले पुरुषों का अगले चार साल तक बायकॉट करने की बात कही है।महिलाएं इन पुरुषों को चार साल तक ना तो डेट करेंगी और ना ही शादी करेंगी, न सेक्स करेंगी और न ही उनके साथ बच्चे पैदा करेंगी। इस मूवमेंट के तहत महिलाओं से डेटिंग ऐप भी डिलीट करने को कहा जा रहा है अमेरिका की इन महिलाओं ने 2010 के दशक में दक्षिण कोरिया के नक्शेकदम पर चलते हुए पुरुषों का बहिष्कार किया है. कोरियाई भाषा में क्का मतलब होता है नहीं। इस तरह 4 क्दरअसल चार 'नो' को दर्शाता है. इन चार हृश्च में पुरुषों से डेटिंग, सेक्स, मैरिज पर मनाही है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी महिलाओं के ऐसे कई वीडियो वायरल हैं।

**महिलाओं को ट्रंप से क्या दिक्कत ?:** अमेरिका में इस बार बड़े पैमाने पर महिलाएं कमला हैरिस को जीतते देखना चाहती थी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस की रेस में कमला हैरिस को हरा दिया। ट्रंप की छवि अमेरिका सहित दुनियाभर में महिला विरोधी है। उन पर महिला शोषण के दर्जनभर से ज्यादा मामले अदालतों में चल रहे हैं। वह महिलाओं को लेकर अक्सर विवादित टिप्पणी करते रहते हैं। इतना ही नहीं अमेरिका में अबॉर्शन कानून को लेकर ट्रंप के रुख से भी महिलाएं खुश नहीं हैं।

## 370 पर तीसरे दिन भी विस में धक्कामुक्की और हंगामा

### छह साल बाद हो रहे सत्र में बवाल

**श्रीनगर, एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 को लेकर लगातार हंगामा चल रहा है। आज सत्र के पांचवे दिन भी जमकर हंगामा चला और गर्मागर्मी में तब्दील हो गया। इंजीनियर राशिद के भाई और अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख को मार्शलों ने सदन से बाहर निकाला। सदन में बीजेपी लगातार आर्टिकल 370 के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव का विरोध कर रही है। हंगामा शुरू होने के बाद पीडीपी के खिलाफ नारे लगाए गए। सत्र शुरू होते ही बीजेपी विधायक पीडीपी और स्पीकर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। दरअसल सदन में इस यह हंगामा 370 की बहाली से जुड़े दो प्रस्तावों को लेकर हो रहा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पूरे विवाद पर कहा है कि ÷5 अगस्त 2019 को जो हुआ था, वो हमें मंजूर नहीं है। वो हमारे साथ बातचीत करके नहीं किया गया था। कुछ लोग कह रहे थे कि हम वो मुद्दा भूल गए। हम धोखा देने वाले लोग नहीं हैं, फर्क ये है कि हम कानून जानने वाले लोग है।

## सलमान खान को फिर धमकी गाना लिखने वालों को मार देंगे

**मुंबई.** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी भरा संदेश मिला है। मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में सलमान के लिए धमकी भरा मैसेज आया जिसमें कहा गया है कि - एक महीने के अंदर गाना लिखने वाले को मार दिया जाएगा, गाना लिखने वाले की हालत ऐसी हो जाएगी कि वह अपने नाम से गाना नहीं लिख पाएगा। अगर सलमान में हिम्मत है तो वह उन्हें बचाएं। इस मामले में मुंबई की वर्ली पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जिस नंबर से धमकी आई है पुलिस उसे ट्रेस करने में जुट गई है. हालांकि ये कौन सा गाना है और इसे किसने लिखा है... इसकी जानकारी धमकी भरे मैसेज में नहीं दी गई है।

## पूनम महाजन ने कहा- पिता की मौत गहरी साजिश थी

**मुंबई.** महाराष्ट्र भाजपा नेता और पूर्व सांसद पूनम महाजन ने अपने पिता प्रमोद महाजन की हत्या को लेकर एक चौंकाने वाला दावा किया है। उनका कहना है कि उनके पिता की हत्या एक बड़ी साजिश थी, जो कभी न कभी सामने आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह पिता की हत्या की जांच कराने की मांग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री और महाराष्ट्र के गृह मंत्री को पत्र लिखेंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूनम का दावा है कि जिस गोलीबारी के कारण उनके पिता की मौत हुई, उसके पीछे कुछ गलत मकसद हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब 2006 में यह घटना घटी थी तो वह उस हालत में नहीं थीं कि कोई संदेह जता पातीं।

**मेट्रो एंकर** — लेख लिखकर राजा-राजवाड़ों पर साधा निशाना

## अब राहुल का राजघरानों पर तीर, महाराजा होने लगे अधीर !

**नई दिल्ली. एजेंसी**



कभी संविधान की किताब हाथ में लेकर राहुल गांधी केंद्र सरकार व मोदी पर निशाना लगाते हैं तो अब वह राजपरिवारों की राजनीति पर निशाना लगाकर वे चर्चा में हैं। हालांकि कई राजघरानों के सदस्य कांग्रेस में भी रहकर राजनीति कर रहे हैं। मगर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस बार वह अपने एक लेख के कारण चर्चा बटोरी है। यह हाल में एक अखबार में प्रकाशित हुआ। लेख को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है तथा राज परिवारों ने इस पर प्रतिक्रिया दी हैं। दरअसल, राहुल ने लिखा है कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत की आवाज अपनी व्यापारिक शक्ति से नहीं बल्कि अपने शिंकजे से कुचली थी, कंपनी ने भारत के राजा- महाराजाओं को डराकर-धमकाकर और उन्हें घूस देकर भारत पर राज किया। उन्होंने यह भी लिखा कि, ईस्ट इंडिया कंपनी खत्म हो गई लेकिन उसने जो डर पैदा किया था, वह फिर से दिखाई देने लगा है।

एकाधिकारवादियों की एक नई पीढ़ी ने उसकी जगह ले ली है। इस लेख में राहुल कहते हैं- कंपनी ने हमारे अधिक लचीले महाराजाओं और नवाबों के साथ साझेदारी करके, रिश्वत देकर और धमकाकर भारत का गला घोंटा। इसने हमारे बैंकिंग, नौकरशाही और सूचना नेटवर्क को नियंत्रित किया। हमने अपनी आजादी किसी अन्य राष्ट्र से नहीं खोई; हमने इसे एक एकाधिकारवादी निगम से खो दिया। राहुल गांधी के इस आर्टिकल पर विवाद के बीच राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने एक्स पर लिखा- मैं आज एक संपादकीय में भारत के पूर्व शाही परिवारों को बदनाम करने के राहुल गांधी के प्रयास की कड़ी निंदा करती हूं। एकीकृत भारत का सपना भारत के पूर्व राजपरिवारों के सर्वोच्च बलिदान के कारण संभव हो सका है, ऐतिहासिक तथ्यों की आधी-अधूरी व्याख्या के आधार पर लगाए गए निराधार आरोप अस्वीकार्य हैं। ग़ौरतलब है कि दीया कुमारी के पिता महाराजा भवानी सिंह कांग्रेस पार्टी के नेता थे और जयपुर से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। राजस्थान में अभी अलवर राजघराने के पूर्व महराज भंवर जितेंद्र सिंह कांग्रेस के महासचिव है।

### मैं नवाचार समर्थक एकधिकार विरोधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस विरोध पर फिर जवाब दिया है और लिखा है कि वे एकाधिकार विरोध हैं। राहुल ने कहा मैं नौकरियों का समर्थक हूँ, व्यापार का समर्थक हूँ, नवाचार का समर्थक हूँ, प्रतिस्पर्धा का समर्थक हूँ। मैं एकाधिकार का विरोधी हूँ। हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी–फूलेगी जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष स्थान होगा राहुल ने कहा मैने अपना कैरियर एक प्रबंधन सलाहकार के रूप में शुरू किया था और इस प्रकार समझा कि एक व्यवसाय कैसे सफल हो सकता है।

### सिंधिया बोले-भारतीय नायकों के बारे में जानें राहुल



ग्वालियर राजपरिवार के सदस्य व भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक्स पर लिखा, नफरत बेचने वालों को भारतीय गौरव और इतिहास पर व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं है। भारत की समृद्ध विरासत के बारे में राहुल की अज्ञानता और उनकी औपनिवेशिक मानसिकता ने सभी हदें पार कर दी हैं। उन्हें असली भारतीय नायकों के बारे में जानना चाहिए। महादजी सिंधिया, युवराज बीर टिकेंद्रजीत, कित्तूर चेनम्मा, और रानी वेलु नचियार जैसे योद्धाओं ने स्वतंत्रता के लिए साहसपूर्वक संघर्ष किया था। भारत की विरासत का संबंध केवल 'गांधी' नाम से नहीं है।



## छठ पूजन व्रत का समापन





भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में आज सुबह 3 दिन का छठ पूजन व्रत का समापन कई घाटों पर पूजा अर्चना के साथ हुआ।

# शहर में आधा दर्जन से अधिक शौचालय आठ माह से बंद

### नगर निगम आयुक्त से रिपोर्ट तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में सार्वजनिक सुविधा के लिये बने आधा दर्जन से अधिक शौचालय करीब आठ माह से बंद पड़े हैं और निगम का इस दौर ध्यान नहीं है जबकि यह सभी व्यस्त क्षेत्रों के हैं तथा यहां लोगों को इससे भारी असुविधा हो रही है। अब इस मामले में संज्ञान लेकर मानव ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पूरे मामले में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी आयोग ने तलब किया है।

दरअसल हाल में आयोग के संज्ञान में आया है कि, शहर के विभिन्न व्यस्त इलाकों में विगत आठ माह से आधा दर्जन से ज्यादा शौचालय बंद पड़े हैं। शहर में शौचालय संचालन करने वाली एजेंसी का टेंडर मार्च में ही समाप्त हो चुका है, इस कारण शहर के कई शौचालय बंद पड़े हुये है। शौचालय के बंद पड़े होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ राह है और शौचालय के आसपास गंदगी और बदबू का अंबार लगा रहता है।




### एचटी लाइन का सहारा लड़खड़ाया, खतरा बढ़ा

इसी तरह शाहपुरा क्षेत्र स्थित प्रशासन अकादमी के सामने स्थित शाहपुरा तालाब किनारे गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन के खंभो को सहारे देने के लिये अलग से लगाए गये पोल के झूके एवं मुड़े होने का मामला सामने आया है। तालाब के अंदर लगे पोल भी रोड की तरफ झुक गये और वहां लगी सुरक्षा जाली से चिपकने का खतरा बना हुआ है। इस कारण करंट फैलने की स्थित में जाली में भी करंट फैल सकता है। मामले में आयोग ने कार्यपालन यंत्री, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि. भोपाल से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा हेतु की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## कोलार में भव्य दीपोत्सव का आयोजन



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कलचुरि सेना परिवार द्वारा भगवान श्री सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर गुरुवार को श्री सहस्त्रबाहु ब्रिज, जेके अस्पताल गेट के सामने (एलएनसीटी विश्वविद्यालय) कोलार पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया। इस वर्ष भी कलचुरि सेना परिवार के सदस्य 5001 दीप प्रज्वलित कर श्री सहस्त्रबाहु ब्रिज को रोशन किया।साथ ही दीपों से जय सहस्त्रबाहु लिखी आकर्षित आकृति बनाई गई। समारोह में 101 घी के दिये प्रज्वलित कर भगवान सहस्त्रबाहु की महाआरती कर सतरंगी आतिशबाजी चलाकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्टेट हाइवे के साथ जुड़ेगा

**भोपाल।** भोपाल के उत्तर-पश्चिम दिशा में बैरसिया की ओर स्थित अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र हाइवे के साथ विकास का सफर तय करेगा। मप्र रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन इस क्षेत्र को 4 किमी लंबी एप्रोच रोड से 382 किमी लंबे स्टेट हाइवे से सीधे जोड़ रहा है। अशोकनगर, भिंड, गोहद की ओर जाने वाले स्टेट हाइवे से अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के बड़े शहरों से जुड़ेगा। कॉरपोरेशन से जुड़े अफसरों का कहना है कि हाइवे से जुडने के बाद यहां नए उद्योग शुरू होने और प्रदेश के साथ देशभर में यहां उत्पादित सामानों की आवाजाही आसान होगी। एनएच से जोड़ना था, अचारपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग 46 के पास है और पहले इसे जोड़ने करीब 78 करोड़ का प्रस्ताव बनाया था। बाद में जब इसके पास से अशोक नगर, भिंड स्टेट हाइवे तय हुआ तो इसे चार किमी एप्रोच रोड से जोड़ना तय किया गया।

## इज्तिमा की तैयारियां हुई शुरू बुनियादी सुविधाओं पर फोकस



### 29 से तीन दिनी आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने इज्तिमा स्थल ईंटखेड़ी पर इज्तिमा आयोजन की तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की व कहा कि सड़क, बिजली, पार्किंग, पेयजल सहित इज्तिमा आयोजन की सभी व्यवस्थाओं को समय पर करना सुनिश्चित करें। गौर ने कहा कि भोपाल में मुस्लिम समाज का एक बड़ा आयोजन इज्तिमा होता है। इस आयोजन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं के आने-जाने और ठहरने के साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं को संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी के साथ समय से पहले पूरा करें। श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। वे 29, 30 नवम्बर एवं एक व 2 दिसम्बर को होने वाले आलमी तबलीगी इज्तिमा में भाग लेकर खुशी से वापस जायें, ऐसी व्यवस्थाएँ की जायें। राज्य मंत्री कहा कि आयोजन स्थल ईंटखेड़ी को जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों और आयोजन स्थल के आंतरिक मार्गों के निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हैं। अधिकारी इस ओर ध्यान देना सुनिश्चित करें। अगले एक हफ्ते में व्यवस्थाएँ होना चाहिये। उन्होंने पार्किंग, पार्किंग रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्थाओं पर विभिन्न अधिकारियों से चर्चा की।

## छठ पूजा में शामिल हुए सारंग, अस्ताचल सूर्य का किया पूजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने छठ पूजन के अवसर पर नरेला विधानसभा अंतर्गत करोंद स्थित श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर अस्ताचल सूर्य का पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने छठ व्रतियों को लोक आस्था के महापर्व की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। सारंग ने सुभाष कालोनी, अशोका गार्डन, संजीव नगर, करोंद काशीविश्वनाथ मंदिर, राजेन्द्र नगर, एकता पुरी पार्क, सुभाष नगर, अन्ना नगर के शाखा ग्राउड सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित छठ पूजा के कार्यक्रमों में छठ घाटों पर नागरिकों से भेंट कर शुभकामनाएं दी और छठ पर्व के आयोजन का अवलोकन भी किया। सारंग ने कहा कि छठ पर्व हमें प्रकृति, संयम, श्रद्धा और समर्पण का संदेश देता है। सूर्य देवता और छठी मईया की आराधना में किया गया ये महापर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा, खुशहाली और सुख-समृद्धि का संचार करता है। सारंग के निर्देश पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सूर्य कुंडों का निर्माण व उन्नयन, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं महिलाओं के लिये चेंजिंग रूम की विशेष व्यवस्था की गई। छठ पूजन पर नरेला विधानसभा के सभी जल कुंडों पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहीं। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज के नागरिक निवासरत है। इसीलिये इस पर्व की भव्यता और भी बढ़ जाती है।

## वार्ड 4 में छह लाख से बनेगी दो सड़कें, भूमिपूजन हुआ

### हिंगोरानी बोले- वार्ड की समस्याओं के निदान के लिए प्रतिबद्ध



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

वार्ड चार में दो सड़कों के निर्माण के लिए गुरूवार को भूमिपूजन किया गया। सड़कों का निर्माण छह लाख रूपये की लागत से हो रहा है। वार्ड पार्षद राजेश हिंगोरानी एवं कर्नल नारायण पारवानी व अन्य विशिष्ठजनों ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कर्नल पारवानी ने कहा कि विश्वास है वार्ड पार्षद हिंगोरानी अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास और समस्याओं को लेकर उम्मीदों को पूरा करेंगे। हिंगोरानी ने कहा कि सीआरपी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवा हो रहे हैं। स्टेशन रोड पर सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू हो गया है, जो व्यापारियों एवं यात्रियों के लिए सुविधा होगी। छह लाख की लागत से समाधि वाली गली एवं मोहनलाल धनाराम दरबार वाली गली के निर्माण का भूमिपूजन किया गया है, जल्द ही दो और नालियों का निर्माण शुरू होगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल विधानी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता महेश खटवानी ने किया।

**मेट्रो एंकर**

### प्राण प्रतिष्ठा के लिए भूमिपूजन समारोह हुआ

## नुक्कड़ वाली माता मंदिर में विराजेंगे हुनमान लला



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर प्रांगण में हनुमान लाल विराजेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 21 नगरों से आए कथा व्यास, संत-महात्माओं और विशिष्ठजनों की मौजूदगी में भूमिपूजन हुआ। मंदिर के पुजारी रवि पटेरिया ने कहा कि हम सब रामलला के निमित्त का कार्य करने जा रहे हैं। जल्द ही हनुमान लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में गुफा मंदिर के महंत विजयदास, चैतन्य स्वरूप, उज्जैन, टैंपल ऑफ संबोधि के संतलाल साईं, विश्व हिंदू परिषद के विशाल पुरोहित, आचार्य अनिल रूद्र महाराज कथा व्यास राम किशोर, कथा व्यास आचार्य कृष्णा पाण्डेय, कथा व्यास मनोज शास्त्री, पंडित शिवराम भार्गव, कथा व्यास निधि किशोरी, पंडित राजीव लोचन, पंडित गोविंद राम गर्ग, पंडित नीलमणि दुबे, पंडित विजय वाजपेयी, पूर्व जिला पंचायत के सदस्य विष्णु विश्वकर्मा शामिल हुए। आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पार्षद प्रियंका अनिल मिश्रा, भाजपा मंडल महामंत्री राधे महाराज, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष मधु चांदवानी, समाजसेवी बसंत चेलानी, विहिप जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, बजरंग दल सह संयोजक पवन धाकड़ व अन्य विशिष्ठजन मौजूद रहे।

### बजरंग सेना समिति ने बच्चों को वितरित किए पौधे



**हिरदाराम नगर.** बजरंग सेना समिति ने लाइफ लाइन स्कूल में विद्यार्थियों को तुलसी के पौधे बांटे। स्कूल की प्राचार्य किरण वाधवानी ने बजरंग सेना समिति की सेवाभावना की तारीफ की। तुलसी के पौधे राजेश केवलानी ने अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर बच्चों को भेंट किए। समिति अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग ने बताया कि छठ महोत्सव में तुलसी का पौधा घर में लगाना शुभ रहता है। इस अवसर पर बजरंग सेना समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी, राजकुमार गर्ग, उपाध्यक्ष जीतू शिवनानी, सचिव राजेश केवलानी, शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

## 1800 बच्चों की सेहत की जांच के लिए संस्कार में शिविर लगा

### सेवासदन चिकित्सालय के चिकित्सकों ने की जांच

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**




सेवासदन की चिकित्सकीय टीम ने गुरूवार को संस्कार स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया। विद्यालय के 1800 बच्चों की जांच की जा रही है। शिविर में सेवासदन नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. कोमल दासवानी, डॉ रोशनी ज्ञानचन्दानी, डॉ. अजय सिंह, डॉ नीरज दुबे तथा सहयोगी तारा छत्तानी ने अपनी सेवाएं दीं। बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक भी किया गया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने सेवासदन की सेवाभावना के प्रति साधुवाद दिया। चेलानी ने कहा कि सेवासदन की टीम ने पिछले साल भी विद्यालय के 1800 विद्यार्थियों का चेकअप किया गया था। इस साल भी सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने सेवासदन द्वारा आयोजित शिविर लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षकाएँ थी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने चिकित्सक, सेवासदन के ट्रस्टी आयलदास साधवानी का आभार व्यक्त किया।

# हाथियों के विसरा जांच की दो और रिपोर्ट आई | अब तक आ चुकी है तीन लैब की रिपोर्ट, किसी में यह नहीं बताया कि जहर कहां से आया

## अधिकारियों ने मोटे अनाज कोदो-कुटकी पर फोड़ा ठिकरा

### पहले सीधे जिम्मेदार ठहरा रहे थे, अब कहानी पलटी, कहा फसल काटकर रखी थी उसमें फंगस लग गई, इसलिए हुई विषाक्त

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 से 31 अक्टूबर के बीच हुई थी 10 हाथियों की मौत, मामला अब जोर पकड़ रहा है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हाथियों की मौत् पर गुरुवार को सागर फॉरेंसिक और जबलपुर अनुसंधान केंद्र जबलपुर की की विसरा जांच रिपोर्ट भी आ गई है। इस तरह अब तक तीन लैब की रिपोर्ट आ चुकी है। तीनों में विषाक्तता की पुष्टि हुई है अर्थात 10 हाथी जहर से मरे थे लेकिन तीनों रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह जहर कहां से आया। उधर वन विभाग ने साफ तौर पर मोटे अनाज को जिम्मेदार ठहरा दिया है। कह रहे हैं कि मोटा अनाज कोदो फंगस लगने के कारण खराब हो गया था। जिसके कारण मौत हो गई। हालांकि पहले वन विभाग के अधिकारियों ने कहानी में पलटी मारी है। पहले सीधे तौर पर कोदो-कुटकी को जिम्मेदार ठहराया गया था। अब कह रहे हैं कि कोदो-कुटकी की फसल कटकर रखी थी, उसके तने में फंगस लग गए। जिसके कारण विषाक्तता आई है। संभवत- यह देश का पहला मामला होगा, जिसमें कोदो-कुटकी की फसल में लगे फंगस के कारण हाथियों की मौत रिकार्ड में लिखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 10 हाथियों की मौत 29 से 31 अक्टूबर के बीच हुई थी। 3 हाथी बीमार हुए थे, जो ठीक हो गए थे। हाथियों की मौत वाली उक्त घटना से दुनिया भर में हाथी संरक्षण की दिशा में काम करने वाले देशो का ध्यान मप्र पर पड़ा था। आशंका थी कि कहीं हाथियों की मौत तेजी से संक्रमण फैलाने वाले हर्पीज वायरस के कारण तो नहीं हुई। इस आधार पर विसरा जांच रिपोर्ट हर्पीज वायरस को आधार मानकर भी की गई, जो रिपोर्ट में नहीं पाया गया।

## पहले सीधे तौर पर कोदो कुटकी को बताया था मौत का कारण



वन विभाग के अधिकारियों ने शुरुआत में सीधे तौर पर कोदो-कुटकी की फसल को हाथियों की मौत् की वजह बताई थी। असल में चार हाथियों की मौत के बाद अलग-अलग टीमों ने पोस्टमार्टम किए थे। हाथियों के पेट में बड़ी मात्रा में कोदो-कुटकी मिलने की पुष्टि हुई थी। तभी वन विभाग के अधिकारियों की ओर से प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा था कि अधिक मात्रा में कोदो-कुटकी खाने से मौत हुई है। तब अधिकारियों ने ये भी दावे किए थे कि कोदो-कुटकी की अधिकता के कारण कई बार इस तरह की स्थिति बनती है लेकिन तीनों लैब की रिपोर्ट में साफ तौर पर कोदो-कुटकी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। अब अधिकारी इन रिपोर्टों के निष्कर्षों का दावा कर फंगस को जिम्मेदार बता रहे हैं, जो उक्त फसलों पर लगना बताया जा रहा है।

# चीता कॉरिडोर को हरी झंडी लेकिन बाघ देने में आनाकानी

### – मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच चीता कॉरिडोर के लिए बनाई हाई लेवल कमेटी

### – लेकिन उसके पहले से बाघ मांग रहे राजस्थान व छत्तीसगढ़ के साथ आनाकानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चीता कॉरिडोर को तो हरी झंडी मिल गई लेकिन राजस्थान व छत्तीसगढ़ को बाघ देने में अभी भी आनाकानी जारी है। यह हाल तब है जब इन राज्यों में भी भाजपा सरकार है औार मुख्यमंत्री आपस में मिलकर विकास करने की सौगंध खा चुके हैं। दोनों ही राज्यों ने 8 महीने पहले मप्र से बाघ मांगे थे, अब तक मप्र की ओर से सहमति नहीं जताई है। असल में इन दोनों राज्यों के पास बाघों की संख्या अपेक्षाकृत कम है, जबकि मप्र टाइगर स्टेट है, जहां पुरानी गणना के अनुसार 785 बाघ है। ये दोनों राज्य भी अपने जंगलों में बाघों की संख्या बढ़ाना चाहते है, इसलिए जंगली बाघ मांगे है लेकिन मप्र बाघ देने की विधिवत प्रक्रिया का पालन ही नहीं करवा पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र की हरी झंडी के बीच इसी सप्ताह मप्र व राजस्था के बीच चीता कॉरिडोर को हरी झंडी मिली है। यह दोनों राज्यों के बीच बनाया जाएगा, जिसमें प्राकृतिक जंगल, पहाड़ बनाए जाएंगें। बाहरी व्यवधान जीरो होगा। आने वालो समय में चीता फ्री मूवमेंट रेंज में घूम सकेंगे। अभी चीतों को मप्र के पालपुर कूनो पार्क के अंदर बड़े बाड़ों में रखा जा रहा है।





## बाघ देने में अफसरों ने ऐसे की लापरवाही

विशेषज्ञों व वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने से पहले दूसरे राज्यों को बाघ देने संबंधी अनुमति केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से लेनी थी लेकिन राज्य के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस संबंध में प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया। उक्त प्रस्ताव को राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक में भी लाया जाना था, जो कि नहीं लाया गया। जबकि इस बीच बोर्ड की दो बैठकें हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि प्रस्ताव बनाते और राज्य सरकार के ध्यानार्थ भेजने के पहले पूरी प्रक्रिया का पालन नहीं किया। जिसके कारण राज्य सरकार ने प्रस्ताव लौटा दिया। इस तरह दोनों राज्यों को बाघ देने में देरी हो रही है। इन राज्यों ने जनवरी 2024 में दो-दो बाघ मांगे थे।

### शिवराज ने डबल इंजन सरकार का वास्ता दिया

# सीएम बोले-विकास की भूख रावत को भाजपा में लेकर आई

**भोपाल/ श्योपुर, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विजयपुर विधानसभा के करहाल क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार का सघन प्रचार किया और कहा कि रामनिवास रावत तो चुनाव जीत चुके थे, चाहते तो उन्हें इस्तीफा देने की जरुरत नहीं थी लेकिन उनके अंदर क्षेत्र का विकास करने की भूख थी इसलिए उन्होंने भाजपा का साथ दिया। अब भाजपा भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है, क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। जब क्षेत्र की जनता के लिए रावत विधायक पद छोड़ सकते हैं तो इस क्षेत्र की जनता की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि उन्हें ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर विधायक बनाएं। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस गरीबों-आदिवासियों का हक छीनती है, भाजपा सरकार गरीबों के लिए कार्य करती है। कमलनाथ के नेतृत्व में मप्र में 15 महीने के लिए कांग्रेस की सरकार बनी थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद कमलनाथ ने सबसे पहले सहरिया आदिवासी बहनों के खातों में भाजपा सरकार द्वारा भेजे जा रहे पैसे को बंद करने का निर्णय लिया था। भाजपा सरकार बनने के बाद दोबारा यह योजना शुरू की गई।

**शिवराज ने बुधनी संभाला:** केंद्रीय मंत्री



शिवराजसिंह चौहान ने बुधनी विधानसभा के बायां, डोबी और नांदनेर में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया एवं रोड शो जनता का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि मोहन यादव के नेतृत्व वाली



और केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी की भाजपा सरकारें हैं, विकास के लिए पैसों की कमी नहीं आने देंगे। लेकिन कांग्रेस के पास आपको देने के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस फुस्सी बम है, कितनी भी आग लगाओ चलेगा नहीं। हरियाणा में भी नहीं चला, यहां भी नहीं चलेगा।

**पायलट ने -भाजपा की बातें झूठीं:** कांग्रेस



नेता राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने विजयपुर में कांग्रेस के लिये प्रचार किया। इससे पहले भोपाल में उन्होंने कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों को लेकर वोट डाले थे उस पर भाजपा सरकार खरा नहीं उतरी। देश की बात हो या प्रदेश की भाजपा द्वारा हर क्षेत्र में सिर्फ झूठा प्रचार-प्रसार और फोटो छपवाने का काम किया जा रहा है। जहां एक ओर 400 पार के अहंकार को जनता ने करारा जवाब दिया, वहीं भाजपा ने देश में दो बैसाखियों पर सरकार बनाई है। द्र की भाजपा सरकार आज भी कांग्रेस को दोष दे रही है और केवल चिन्हित लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए नीतियां बन रही हैं। भाजपा में बहुत सारे नेता पार्टी छोड़ते हैं, हमारे यहां पूरी पार्टी चुनाव लड़ती है।

## 4 विवि के भवन निर्माण सहित 5 करोड़ की स्वीकृति

**भोपाल।** प्रदेश के 4 विश्वविद्यालयों के भवन निर्माण सहित पूंजीगत परियोजना के लिए मिली 4,95 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने मंत्रि-परिषद् के आदेश के अनुपालन में 4 विश्वविद्यालयों के भवन निर्माण सहित पूंजीगत परियोजना के लिए सशर्त 495 करोड़ राशि की स्वीकृति दी है। आदेशानुसार सागर स्थित रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय के लिए 150 करोड़ रुपए, खरगोन स्थित क्रांतिसूर्य टंटया भील विश्वविद्यालय के लिए 150 करोड़ रुपए, गुना स्थित क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय के लिए 150 करोड़ रुपए एवं शहडोल स्थित पंडित शम्भुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के लिए 45 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस प्रकार कुल 495 करोड़ रुपए राशि की भविष्य में पुनर्विलोकन की शर्त पर सैद्धांतिक अनुमति दी गई है।

## युवाओं को मिलेगा 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका, 10 तक करना होगा आवेदन

**भोपाल।** प्रदेश के युवा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना योजना के तहत युवा 10 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त् योजना में शीर्ष 500 से अधिक कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। युवा कौशल और रोजगार योग्यता के क्षेत्र में सशक्त बन सकेंगे। इसमें 12 माह की इंटर्नशिप होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का लाभ लेने की अपील की है। यह योजना केन्द्रीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसमें 21 से 24 वर्ष के 10वीं या उससे अधिक की शिक्षा अर्जित करने वाले युवाओं का चयन किया जाएगा। इंटर्नशिप अवधि में 5 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड व इंटर्नशिप पूर्ण होने पर एकमुश्त 6 हजार रुपये मिलेंगे।

युवा पंजीयन लिंक https://pminternship.mca.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। टोल फ्री नंबर 1800116090 पर भी संपर्क किया जा सकेगा। पंजीयन में सहायता के लिए निकटतम शासकीय इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक या आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं। मध्यप्रदेश के युवा अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

## उखड़ी पड़ी हैं पीडब्ल्यूडी की कई सड़के, आयोग ने मांगा विभाग से जवाब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के करोंद मंडी स्थित 80 फीट रोड जर्जर होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, करोंद मंडी स्थित 80 फीट रोड की बेस्ट प्राइस तिराहे से मंडी होते हुये यूनियन कार्बाइड की ओर जाने वाली सड़क के उखड़ी है। सड़क के खराब होने के बावजूद इसे विभाग द्वारा कागजों में अच्छी गुणवत्ता एवं सब ठीक दर्शाया गया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय, को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## 9 के विद्यार्थियों के लिए ब्रिज कोर्स हुआ तैयार

**भोपाल।** सरकारी स्कूलों के कक्षा-9 के विद्यार्थियों के दक्षता सुधार के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने ब्रिज कोर्स तैयार किया है। यह कोर्स उन विद्यार्थियों के लिये है, जिनकी दक्षता का स्तर कक्षा-9 में प्रवेश के समय हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषय में कमजोर होता है। ऐसे विद्यार्थियों के दक्षता अंतर को पाटने के लिए ब्रिज कोर्स चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इन विषयों से संबंधित कार्य पुस्तिका उपलब्ध करायी जा रही है। शिक्षकों के लिये शिक्षक कार्य पुस्तिका उपलब्ध करायी गयी है। कक्षा-10वीं के छात्रों के बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन को सुधारने के लिये विभिन्न विषयों के टिप्स एण्ड ट्रिक्स वीडियो के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

## दीनानाथ बत्रा का निधन, शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षा बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक दीनानाथ बत्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। मंत्री परमार ने कहा कि शिक्षा में भारतीयता के ध्वजवाहक दीनानाथ बत्रा के निधन से भारतीय ज्ञान परम्परा का एक दीप्तिमान नक्षत्र अस्त हो गया। परमार ने कहा कि दिवंगत बत्रा एक प्रेरणादायक शिक्षक, महान शिक्षाविद, अपना सर्वस्व शिक्षा को समर्पित करने वाले एवं शिक्षा में भारतीयता के सच्चे साधक थे। उनका जाना शिक्षा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। परमार ने कहा कि भारतीयता के मूल और भारतीय ज्ञान परम्परा को अनिवार्य रूप से आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना ही, दिवंगत दीनानाथ बत्रा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## संपादकीय

# अमेरिका का नया दौर व भारत

अमेरिका में इतिहास रचते हुए डॉनल्ड ट्रंप ने अगले चार साल के लिए दुनिया के कई देशों के लिए नए समीकरण,कूटनीति के नए तरीकों की जरूरत पैदा कर दी है। वे जनवरी से अमेरिका के नए राष्ट्रपति होंगे। रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को हराया है। ट्रंप के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। पिछले चुनावों में जब बाइडन से ट्रंप हार गए थे, तब अमेरिका में मोदी ट्रंप के राजनीतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। इसकी तब आलोचना भी हुई थी लेकिन इस बार भारत सरकार ने और खुद पीएम मोदी ने निष्पक्ष रवैया अपनाए रखा, जो मुनासिब था और यह नीति सही भी है। ट्रंप की जीत के बाद सबसे पहले मोदी ने ही उनसे बात की और ट्रंप ने उनकी तारीफ की। 2016 से 2020 के दौरान जब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तो मोदी के साथ उनकी बेहतरीन केमिस्ट्री अक्सर चर्चा में रहती थी। इसका असर इन चुनावों के दौरान इस रूप में दिखा कि एक से अधिक मौकों पर ट्रंप ने मोदी के साथ अपनी अच्छी दोस्ती का हवाला दिया। बेशक, वह इसके जरिये अमेरिका में भारतीय मूल के वोटरों को प्रभावित करना चाहते थे।मगर हाल ही में जब मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए तो ट्रंप ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री उनसे मिलने आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा के दौरान मोदी उनके एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। भारत की तरफ से इन बातों की पुष्टि नहीं की गई, न मोदी उनके कार्यक्रम में शामिल हुए। वजह यही थी कि राष्ट्रीय हित को देखते हुए भारत ने इन चुनावों में दोनों पक्षों से निश्चित दूरी बनाए रखी। जब डेमोक्रेट बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तब पीएम मोदी के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत हुए। ट्रंप का कार्यकाल खत्म होने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन राष्ट्रपति बने तो उन्होंने भारत के लिए कुछ जरूरी टेक्नॉलजी का रास्ता खोला। इस दौरान भारत और अमेरिका में रणनीतिक सहयोग भी बढ़ा है। जब डॉ. मनमोहन सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे, तब उनकी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की करीबी की भी काफी चर्चा होती थी। दरअसल, भारत और अमेरिका के रिश्ते दो दशक से लगातार मजबूत हुए हैं। रिपब्लिकन लीडर जॉर्ज बुश के राष्ट्रपति रहने के दौरान भारत के साथ परमाणु ऊर्जा समझौता हुआ था, जिसे मील का पत्थर माना जाता है। अमेरिका से अच्छे रिश्तों के बावजूद भारत ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निष्पक्षता की नीति बनाए रखी। यूक्रेन और फलस्तीन-इस्राइल युद्ध इसकी हालिया मिसालें हैं। भारत को रूस का करीबी माना जाता है, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्राध्यक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की उससे मध्यस्थता की अपील कर चुके हैं। 'यह युद्ध का दौर नहीं है', मोदी ने यह बात रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के सामने ही कही थी, जिसे अमेरिका और पश्चिमी देशों ने भी सराहा था। यह भी भारत के निष्पक्ष रूख का प्रमाण था और अभी तक इस निष्पक्षता का उसे फायदा ही मिला है। आज ग्लोबल साउथ भी भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि वैश्विक स्तर पर भारत की यह निष्पक्षता और उसकी स्वतंत्र विदेश नीति देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। जहां तक ट्रंप की बात है तो उनके सत्ता संभालने के बाद निश्चित तौर पर उनकी नयी पारी व नये रूप की सभी को उम्मीद है,इसलिये जनवरी बहुत दिलचस्प है।

**एक बुद्धिमान व्यक्ति अपने बच्चे को सावधानी से पालता है क्योंकि उच्च मनोबल वाले शिक्षित व्यक्ति को ही समाज में सच्चा सम्मान मिलता है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1945: हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।
- 1956: संयुक्त राष्ट्र ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।
- 1957: ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।
- 1967: अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1988: चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत।
- 1992: जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।
- 1998: बांग्लादेश के प्रथम प्रधानमंत्री शेखमुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड।
- 1999: राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।
- 2000: बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क सीट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा।
- 2001: अफगानिस्तान पर भीषण बमबारी।
- 2002: अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की दो दिवसीय बैठक मनीला में प्रारम्भ।
- 2004: हेग में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भारत और यूरोपीय संघ सहमत।
- 2005: भारत ने फिलिस्तीनि संगठनों की आतंकवादी कार्रवाई और इजराइली दमन की आलोचना की।
- 2008: भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-1 चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा।
- 2013: फिलीपींस के हेनान प्रांत में विनाशकारी चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।
- 2016: भारत में बड़े नोटों को विमुद्रीकरण। 500 और 1000 रुपये के नोटों का अवैध घोषित किया गया।
- 2016: सोमालिया के मोगादिशू में कार बम धमाके में 11 लोगों की मौत।

## निशाना

### हुआ नहीं सुधार !



-कृष्णेन्द्र राय

थमा नहीं है सिलसिला।
है अंदर मतभेद ।।
कार्यकर्ता व्यक्त भले।
कर चुके हों खेद ।।
चल रहा तमाशा।
हुआ ना सुधार ।।
बार-बार पार्टी को।
मिल रहा उपहार ।।
राह नहीं आसान।
अनबन चलने वाली ।।
चाहता ना कोई।
रहे ये हाथ ख़ाली ।।
दिल्ली आना जाना।
हो रहा कुछ ज़्यादा ।।
है बड़ा सवाल।
क्या कुछ है इरादा ।।

# कमला हैरिस की हार : लोकतंत्र की परिपक्वता पर एक बड़ा सवाल

**एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं. उन्हें 50 राज्यों की 538 में से 295 सीटें मिली हैं, बहुमत के लिए 270 सीटें जरूरी होती हैं. डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस कड़ी टक्कर देने के बावजूद 226 सीटें ही जीत पाईं हैं. कमला हैरिस ने अपनी हार स्वीकार करते हुए वॉशिंगटन डीसी हावर्ड यूनिवर्सिटी में अपनी स्पीच में उन्होंने कहा- आज मेरा दिल आपके भरोसे अपने देश के प्रति प्यार और संकल्प से भरा हुआ. भारतवंशी कमला हैरिस ने कहा, 'इस चुनाव का नतीजा वह नहीं है जिसकी मुझे उम्मीद थी, या जिसके लिए हमने लड़ाई लड़ी थी, लेकिन हम कभी हार नहीं मानेंगे और लड़ते रहेंगे. निराश मत होइए. यह समय हाथ खड़े करने का नहीं है, यह समय अपनी स्लीव्स चढ़ाने का है. यह समय आजादी और जस्टिस के लिए एकजुट होने का है. हमें उस भविष्य के लिए एकजुट होना होगा, जिसे हम सभी मिलकर बना सकते हैं.**



■ **दिलीप कुमार पाठक**

किसी भी व्यक्ति के लिए हार स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता होता नहीं है, लेकिन कमला हैरिस की हार के पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन की भी खासी भूमिका रही है. दर-असल जियो पोलिटिकल में बतौर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की यात्रा आलस्य भरी रही है. अमेरिका के पिछले राष्ट्रपतियों की तुलना बाइडन से की जाए तो बाइडन बेहद कमज़ोर राष्ट्रपति सिद्ध हुए हैं. पिछले अमेरिकी राष्ट्रपतियों के मुकाबले बाइडन के किसी भी निर्णय में स्पष्टता नहीं रही है, उन्होंने यूक्रेन, इज़राइल किसी भी मुद्दे पर अपनी तत्परता नहीं दिखाई. जियो पॉलिटिक्स में बाइडन बेहद कमज़ोर बिल्कुल ही अप्रभावी रहे हैं. बाइडन को कमज़ोर राष्ट्रपति के रूप में ही याद किया जाएगा. बाइडन को पता था कि उनकी लोकप्रियता नही है, वे पुनः चुनाव नहीं जीत सकते, लेकिन वे पुनः, राष्ट्रपति बनने की अपनी महात्वाकांक्षी सोच पर अड़े रहे.. जबकि पिछले चुनाव हारने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनाव अभियान जारी रखा.. कमला हैरिस एवं बाइडन की उम्मीदवारी स्पर्धा बहुत समय तक चलती रही, बहुत बाद में कमला हैरिस को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया गया, जबकि ट्रम्प आगे निकल चुके थे. क्योंकि कमला हैरिस को ट्रम्प की तुलना में चुनाव कैंपेन का इतना समय नहीं मिला.. यही एक सबसे बड़ी खामी रही जिससे डेमोक्रेटिक पार्टी निबटने में सफ़ल नहीं रही लिहाज़ा डोनाल्ड ट्रम्प विजयी हुए. डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के कई कारण हैं पहला यह कि ट्रम्प के पीछे कॉर्पोरेट का हाथ था, जिस व्यक्ति के पीछे कार्पोरेट खड़ा होता है उसके लिए संभावनाएं प्रबल हो जाती है. चुनाव कैंपेन के दौरान ट्रम्प के ऊपर हमला हुआ, कान के पास से गोली छूकर गुज़र गई, गोली लगने के बाद ट्रम्प के प्रति अमेरिका में सहानुभूति का पनपना भी एक कारण रहा. वोटर बहुत पिछला भूल जाते हैं, डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति से अमेरिकी वैसे ही कार्यकाल की उम्मीद रखते हैं जैसा बराक ओबामा का सफ़ल कार्यकाल रहा है, बरअक्स बाइडन एक असफल राष्ट्रपति सिद्ध हुए हैं, इस तुलनात्मक द्वन्द में ट्रम्प बाइडन की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी रहे हैं. अतः कमला हैरिस पिछड़ती चली गईं.

डोनाल्ड ट्रम्प को प्रचंड बहुमत मिलने के लिए जो सबसे बड़ा कारण माना जा सकता है वो है दुनिया में दक्षिणपंथी राजनीतिक विचारधारा का उभार.. दुनिया में बड़े - बड़े से मुल्कों में भी अब दक्षिणपंथी विचारधारा का खासा उभार देखने को मिल रहा है. चाहे भारत में मोदी हों, इज़राइल में बेंजामिन नेतनयाहू, चाइना में जिनपिंग, रसिया में ब्लादिमीर पुतिन, यूके, इटली, जर्मनी आदि बड़े देशों में अभी दक्षिणपंथी विचारधारा अपने उरूज में है, जबकि पूरी दुनिया में डेमोक्रेटिक पार्टियां अभी नाजुक दौर से गुज़र रही हैं. हालांकि एक दौर होता था जब पूरी दुनिया में अधिकांश डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन होता था, कभी - कभार मोदी - वाजपेयी जैसे भारत में पीएम बन जाते थे तो उसे राजनीतिक उलटफेर कहा जाता था ऐसे ही रिपब्लिकन पार्टी के लिए अमेरिका में कहा जाता था. लगभग - लगभग पूरी दुनिया में ऐसे ही स्थिति रही है जबकि अब दुनिया के अधिकांश देशों में दक्षिणपंथी दलों की सरकारें हैं.

यूं तो अमेरिका को दुनिया का सबसे परिपक्व लोकतांत्रिक देश कहा जाता है जहां सबसे समझदार वोटर्स रहते हैं, लेकिन एक बात हैरान करती है हमेशा दुनिया को लोकतांत्रिक पाठ पढ़ाने वाला अमेरिका बार - बार रिपब्लिकन पार्टी को क्यों चुन लेता है? जबकि ट्रम्प खुलेआम नस्लीय टिप्पणिया करते हैं. कोई कुछ भी कहे लेकिन अमेरिका में आज भी एक ऐसी विचारधारा के घोर समर्थकों का प्रभाव है जो रंगभेद को मानता है, जो खुद को सुपीरियर मानता है. ये पूरी दुनिया के लिए खासा हैरान करने वाला पक्ष है.

इस बार अमेरिका के पास मौका था एक महिला राष्ट्रपति को पाने का जो लगभग 237 सालों बाद ऐसा होता कि अमेरिका में कोई महिला राष्ट्रपति बनती, लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिका में कभी कोई महिला कोई राष्ट्रपति बनेगी. इससे पहले डोनल्ड ट्रम्प हिलेरी क्लिंटन को राष्ट्रपति चुनाव में हरा चुके हैं. तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो अमेरिकी, पश्चिमी देशों में कहा जाता है बल्कि मज़ाक उड़ाया जाता है कि स्त्रियों के लिए भारत में लीडरशिप नहीं है जबकि आज़ादी के कुछ सालों बाद भारत को एक महिला प्रधानमंत्री मिली थी, जबकि हमारे मुल्क में अभी तत्कालीन राष्ट्रपति भी एक महिला हैं, और अब तक दो महिलाएं राष्ट्रपति हो चुकी हैं. यूरोप, अमेरिका में महिलाओं को ऐसे सर्वोच्च पदों के लिए जनता खारिज कर देती है तो उनकी सोच पर भी हैरानी होती है ÷तब लगता है दुनिया जैसी दिखती है वैसी होती नहीं है जैसी होती है वैसी दिखती नहीं है÷. लगभग 237 सालों के इतिहास में दुनिया के सबसे पुराने उससे भी बड़ी बात दुनिया के सबसे परिपक्व लोकतंत्र में एक अदद महिला का राष्ट्रपति न बनना काफ़ी निराशाजनक है जो अमेरिकी दोहरी सोच को जाहिर करता है. बांकी रिपब्लिकन जीते या डेमोक्रेटिक भारत के सेहत पर ज़्यादा असर करेगा नहीं क्यों कि अमेरिका की नीतियां हमेशा से ही अमेरिका फर्स्ट की रही हैं.

**(लेखक पत्रकार हैं, यह उनके विचार हैं।)**

# विरोधी नहीं, एक-दूसरे के पूरक थे नेहरू-पटेल



■ **विश्वनाथ सचदेव**

हाल ही में देश ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती मनायी है। बड़े आदर और सम्मान के साथ स्वतंत्र भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया है। इस संदर्भ में हुए आयोजनों में जहां एक ओर पांच सौ से अधिक देसी रियासतों को जोड़कर एक नये भारत के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका को सराहा गया, वहीं यह बात भी कहना ज़रूरी समझा गया कि उन्हें उनका उचित देय नहीं मिला है, जबकि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का बढ़ा-चढ़ा कर कुछ ज़्यादा ही बखान किया जाता है। सच्चाई तो यह है कि इन दोनों महापुरुषों ने नये भारत की नींव रखने में जो भूमिका निभायी है उसे कमतर आंकने की किसी भी कोशिश का समर्थन नहीं होना चाहिए। दोनों का योगदान अप्रतिम है। यह बात दूसरी है कि अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए लोग ऐसी कोशिशें लगातार कर रहे हैं।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में सरदार पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरदार की जन्म जयंती को देश एकता दिवस के रूप में मनाता है, यह भी प्रधानमंत्री की पहल पर ही हुआ है। लेकिन क्या यह ज़रूरी है कि देश के दो सपूतों, नेहरू और पटेल, को एक-दूसरे के विरोधी के रूप में दिखाया जाये? सवाल यह भी उठता है कि क्या सचमुच इन दोनों में कोई प्रतिस्पर्धा रही थी? यह बात भी अक्सर कही जा रही है कि नेहरू की जगह यदि सरदार पटेल देश के प्रथम प्रधानमंत्री होते तो स्वतंत्र भारत का नक्शा कुछ अलग ही होता। पटेल के प्रशंसक और नेहरू के आलोचक इस 'अलग' को अपने-अपने ढंग से परिभाषित करते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि नेहरू और पटेल दोनों में कई मुद्दों पर मतभेद था। कश्मीर और हैदराबाद का प्रकरण एक ऐसा मुद्दा था। चीन के प्रति नेहरू के दृष्टिकोण से भी सरदार पटेल सहमत नहीं थे। पर इसका अर्थ एक-दूसरे का विरोधी होना नहीं है। सच्चाई तो यह है कि दोनों एक-दूसरे के प्रशंसक थे, दोनों देश का हित चाहते थे और दोनों एक-दूसरे के महत्व को स्वीकार करते थे। दोनों ने कुछ मुद्दों पर असहमति छिपाने का प्रयास कभी नहीं किया। इस असहमति को एक-दूसरे के प्रति शत्रुता के भाव के रूप में देखना या दिखाना दो महापुरुषों की बौद्धिक क्षमता पर सवालिया निशान लगाना होगा।



नेहरू और पटेल को एक-दूसरे का विरोधी निरूपित करने वाले इस बात को बार-बार दुहराते हैं कि कांग्रेस पार्टी की प्रांतीय समितियों ने एकमत से पटेल को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनाने की इच्छा जाहिर की थी, और यह भी सही है कि तब जो कांग्रेस का अध्यक्ष बनता वही स्वतंत्र भारत का पहला प्रधानमंत्री भी होता। सही यह भी है कि तब हस्तक्षेप करके महात्मा गांधी ने नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवाया था। ज्ञातव्य है कि यह काम पर्दे के पीछे से नहीं हुआ था। गांधी ने अपना पक्ष बड़ी साफगोई से सामने रखा था, और गांधी के कहने पर ही सरदार पटेल ने तब कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया से स्वयं को अलग कर लिया था। और नेहरू के लिए स्वतंत्र भारत का पहला प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया था।यहीं इस बात को भी समझना ज़रूरी है कि स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में पटेल को शामिल करने, न करने, पर नेहरू के मन में कोई हिचक नहीं थी। तब अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए नेहरू ने जो पत्र पटेल को लिखा था, उसमें उन्होंने पटेल को 'अपनी कैबिनेट का सबसे मज़बूत स्तंभ' कहा था। नेहरू पटेल की क्षमता-योग्यता से अच्छी तरह परिचित थे और मंत्रिमंडल में उनकी आवश्यकता को पूरी तरह समझते थे। नेहरू के उस पत्र के उत्तर में पटेल ने जो लिखा अब वह भी सार्वजनिक हो चुका है अपने उस पत्र में सरदार पटेल ने नेहरू को लिखा था, 'मैं जीवन भर आपको समर्थन दूंगा'। पटेल ने उस पत्र में यह भी कहा था कि 'उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मैं आपका पूरा साथ दूंगा, जिसके लिए और किसी ने इतना त्याग नहीं किया जितना आपने किया है। हमारा साथ अटूट है, और यही हमारी ताकत है।'

हमारे इतिहास का एक सच यह भी है कि जिस दिन महात्मा गांधी की हत्या हुई, उसी दिन पटेल राष्ट्रपिता से मिले थे और नेहरू के साथ रिश्तों के बारे में उनमें लंबी बातचीत हुई थी। इस बातचीत में वे सब गिले-शिकवे धुल गये थे जो तब हवा में तैर रहे थे। उसी शाम नेहरू को भी महात्मा गांधी से मिलना था। काश ! वह मीटिंग हो पाती तो बातें और साफ होकर सामने आ जातीं। पर यह नहीं हो पाया। गोडसे उन खतरनाक ताकतों के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहा था जिन्हें उन सपनों से नफरत थी जो गांधी, नेहरू और पटेल स्वतंत्र भारत के लिए देख रहे थे।

आज पटेल और नेहरू को एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी के रूप में सामने रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति की कोशिशें हो रही हैं। पटेल को नेहरू-विरोधी बताने वाले यह भी कह रहे हैं कि सरदार नेहरू की तरह मुसलमानों के पक्ष में नहीं थे। वह यह भूल जाते हैं कि तब सरदार पटेल देश के गृहमंत्री थे और इस रूप में अपनी भूमिका के प्रति पूर्णतः सजग थे। आज़ादी मिलने के तत्काल बाद राजधानी दिल्ली में हुए हिंदू-मुस्लिम दंगों की आग को बुझाने के लिए तब उन्होंने वह सब किया जो किसी भी देशभक्त नेता को करना चाहिए था। आधी रात को दंगइयों के बीच पहुंचे थे सरदार पटेल। उनके लिए देश का हर नागरिक समान था। हर नागरिक की सुरक्षा उनका दायित्व था, कर्तव्य भी।जहां तक पटेल और नेहरू के रिश्तों का सवाल है पटेल अच्छी तरह जानते थे कि 562 रियासतों को एक देश का हिस्सा बनाने में वह भले ही सफल हो गये हों, पर देश को एक रखने में नेहरू की योग्यता निर्विवाद है। नेहरू को सारे भारत का समर्थन प्राप्त था। वे एक ऐसे हिंदू थे जिन पर मुसलमानों का भरोसा था; नेहरू उच्च वर्ण के ऐसे ब्राह्मण थे जिन्हें वंचित समाज की जातियों का भी प्यार मिला था। अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में भी नेहरू की योग्यता पटेल समझते थे। नेहरू भी इस बात को भली-भांति समझते थे कि पटेल की प्रशासकीय योग्यता पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। इसीलिए उन्होंने रजवाड़ों को भारत के झंडे तले लाने का काम पटेल को सौंपा था। नेहरू यह भी जानते थे कि कांग्रेस पार्टी को एकजुट रखने में पटेल की कोई बराबरी नहीं कर सकता।

इसलिए सवाल नेहरू बनाम पटेल का नहीं नेहरू और पटेल का है। दोनों एक-दूसरे की महत्ता को समझते थे। एक-दूसरे की योग्यता-क्षमता से परिचित थे। आज भी राजनीतिक नेतृत्व में उसी समझ की आवश्यकता है, जो नेहरू और पटेल ने मिलकर दिखाई थी। उन्हें एक-दूसरे का विरोधी बताकर नहीं, एक-दूसरे का पूरक बताकर ही देश का हित सध सकता है। यह बात देश के नेतृत्व को समझनी होगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

### अतिक्रमण हटाते हुए अवैध होर्डिंग भी गिराये, सड़क हुई चौड़ी

# अवैध रूप से शराब पिलाने वाली दुकानों को तोड़ा, नालियों मे मिला डिस्पोजेबल का ढेर

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दूसरे दिन जब रेलवे स्टेशन के पास वाली वाइन शॉप के सामने हाथठेलों के अतिक्रमण हटाए तो नीचे नालियों में हजारों डिस्पोजेबल, पॉलिथिन और बोतलें मिलीं। इनके कारण नाली पूरी तरह से चौक थी। हाथठेलों पर अंडा, बिरयानी और दूसरी अन्य खाने-पीने की चीजें बेचने की आड़ में शराब पिलायी जाती है। गुरुवार को ये सभी टप और हाथ ठेले अतिक्रमण अभियान में हटाये गये। इसके अलावा अवैध होर्डिंग भी बड़ी संख्या में हटाये गये हैं।






#### डिस्पोजेबल से ठंसाठस भरी थी नाली

अतिक्रमण विरोधी अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका के अमले ने सीएमओ ऋतु मेहरा के नेतृत्व में पुलिस थाने के सामने से रेलवे की दीवार से सटे टपों को हटाना प्रारंभ किया। दोपहर बाद प्रारंभ हुई कार्रवाई में मैकेनिकों के कई टप हटाए तो वाइन शॉप के सामने के टप और हाथठेले हटाये तो नालियां हजारों डिस्पोजेबल और अन्य चीजों से भरी थीं।

#### आटो रिक्शा चालक ने विवाद किया

इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, सब इंजीनियर आदित्य पांडेय, अतिक्रमण अमला प्रभारी रत्नेश पचौरी सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद थे। जेसीबी मशीन से बंद पड़े टपों को उठाकर ट्रैक्टर ट्राली में रखकर ले जाया जा रहा था एक आटो रिक्शा चालक नगर पालिका के ट्रैक्टर से टकरा गयाऔर विवाद करने लगा। हालांकि बाद में उसे समझाकर शांत कर दिया।

#### सभी होर्डिंग अवैध हैं

अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान करीब आधा दर्जन से अधिक होर्डिंग भी जेसीबी के पंजे से तोड़कर निकाले गये हैं। करीब पंद्रह टप हटाये गये हैं। नालियों से पत्थर हटाए तो नाली चौक मिली। इस मार्ग पर अभी बड़ी संख्या में होर्डिंग इस कारण नहीं हटाए जा सके, क्योंकि ऊपर बिजली की हाईटेंशन लाइन थी, जेसीबी का पंजा टकराने की संभावना थी। विद्युत विभाग से लाइन बंद कराके फिर कटर मशीन से काटकर इनको निकाला जाएगा। यहां लगे सभी होर्डिंग अवैध हैं।

#### नाला मोहल्ला हो सकता है अगला लक्ष्य

नाला मोहल्ला में ग्वालबाबा से मेहरागांव रोड किनारे बनी झुग्गियां अगला लक्ष्य हो सकती हैं। तहसीलदार ने इन झुग्गियों में रहने वालों को नोटिस जारी किये हैं, ये सभी झुग्गियां अवैध हैं, जो सरकारी भूमि पर बनी हैं। पूर्व में यहां कार्रवाई की गई थी, लेकिन कुछ ही झुग्गियां हटायी जा सकी थीं। यहां सर्वे के बाद पता चला कि सभी झुग्गियां सरकारी जमीन पर बनीं और अवैध हैं, हो सकता है, अगला लक्ष्य नाला मोहल्ला की इन्हीं झुग्गियों को हटाने का हो।

#### इनका कहना है

कुछ होर्डिंग की अप्रैल 2024 तक की रसीदें थीं। अप्रैल 2024 के बाद सारे होर्डिंग अवैध हो गये हैं, सारे ही हटाए जाएंगे, आज बिजली की लाइन ऊपर होने के कारण जेसीबी का पंजा नहीं चल सकता था, विभाग से बात करके सभी को हटाया जाएगा। जहां तक नालियां चौक होने की बात है, जल्द सफाई कराके वहां दोबारा किसी को टप नहीं रखने दिया जाएगा ताकि सफाई व्यवस्था में व्यवधान न हो।

–रितु मेहरा,
सीएमओ नपा इटारसी

## पुरानी रंजिश: सुनसान रोड के किनारे खेत में ले जाकर की हत्या

### देहात थाने ने 48 घंटे में घटना का किया पर्दाफाश



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

विगत दिनों एक अज्ञात व्यक्ति के सिल्क रिसोर्ट फोरलेन पर पड़े के होने की सूचना पर पुलिस को हाईवे फोरलेन के पास समर सिंह सोलंकी के खेत पर पहुंचने पर समर सिंह सोलंकी के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति पुरुष उम्र करीबन 30-35 साल का शव मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। मौके पर सूचनाकर्ता समर सिंह पिता सुधीर सिंह सोलंकी उम्र 34 साल निवासी ग्राम जासलपुर थाना देहात जिला नर्मदापुरम की सूचना पर मर्ग क्र . 0/2024 धारा 194 बीएनएसएस का कायम किया। मौके पर मृतक के परिजन उपस्थित आये जो मृतक की पहचान उसके भाई प्रहलाद यादव पिता कामता प्रसाद यादव उम्र 45 साल निवासी मालाखेड़ी ने उसके भाई अयोध्या प्रसाद यादव पिता कामता प्रसाद यादव उम्र 38 साल निवासी मालाखेड़ी के रूप में पहचान की। मौके पर एफएसएल की टीम , डाग स्काट सायबर सेल टीम के व्दारा निरीक्षण कार्यवाही की गई । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी नर्मदा पुरम के नेतृत्व में थाना प्रभारी देहात एवं थाना टीम द्वारा तकनीकी संसाधन एवं घटना स्थल पर मिले साक्ष्य की मदद से अंधे कत्ल का खुलासा घटना के 48 घंटे के अंदर किया गया। मृतक अयोध्या यादव से पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी मोहित साहू, शिवम् कौशल व इनके अन्य साथियों द्वारा मृतक को फोरलेन सिल्क रिसोर्ट के पास सुनसान रोड किनारे खेत में ले जाकर बेसबॉल के डंडे, बेल्ट व हाथ मुक्कों से मारपीट कर हत्या की है। आरोपी मोहित साहू पिता रामाधार उम्र 21 निवासी चक्कर रोड कालिका नगर नर्मदापुरम, शिवम् कौशल पिता राजेंद्र उम्र 20 निवासी आजाद चौक मालाखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण से मृतक अयोध्या यादव की मोटर साइकिल, घटना में प्रयुक्त आलाजरर एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उक्त आरोपीगणों को अन्य आरोपियों के संबंध में तलाश पतारसी के लिए न्यायालय से एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है ।

**नगर पालिका में कंप्यूटर ऑपरेटर्स की मनमानी**

## हितग्राहियों से रखते हैं कुछ पाने की उम्मीद



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका में पदस्थ कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर तो यहां काम करना अपनी बापोती समझते हैं. हितग्राही मूलक योजना संबंधी कोई काम हो या कोई फीडिंग संबंधी काम हो. इनके द्वारा हमेशा यह उम्मीद की जाती है कि काम के बदले उन्हें कुछ फायदा हो. नगर पालिका से उन्होंने जो वेतन मिलता है वह तो उसे अपना अधिकार समझते हैं. बाकी ऊपर से जो न्योछावर मिलता है. उसे अपना अधिकार से भी बढ़कर समझकर हमेशा अपने काम में लगे रहते हैं. सूत्र बताते हैं कि कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर तो इतने ज्यादा अमीर हो चुके हैं कि उनके थॉट देखते ही बनते हैं. संविदा पर नियुक्त एवं दैनिक वेतन पाने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर के लाखों के मकान बने हैं. इसके अलावा भी कई भौतिक सुख साधन इन्होंने ऊपरी कमाई से अर्जित कर रखे हैं.

कोई हितग्राही अपना कोई काम कराने नगर पालिका आता है तो उसके साथ टाला मटोली की जाती है जब वह परेशान हो जाता है तो वह कुछ ऐसा रास्ता निकाल लेता है जिससे उसका काम शीघ्र हो जाए वरना उसे दूसरे रोज फिर नगर पालिका आना पड़ता है. रोज-रोज आने-जाने के चक्कर से तंग आकर व्यक्ति उनकी बात मानने पर तैयार हो जाता है.

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की बात हो चाहे समग्र आईडी में कुछ फेरबदल कराने का मामला हो या फिर ऐसा ही अन्य कोई काम हो बिना लिए दिए नहीं होता. इन पर न तो नगर पालिका अध्यक्ष का कंट्रोल है न सीएमओ का.

#### जेब में भरने पर उतारू

कुल मिलाकर यह अपनी मनमानी पर उतारू है और इन पर नकेल कसने के लिए कोई भी सक्षम नहीं दिखाई दे रहा है. यही वजह है कि उनके द्वारा मनमानियों का दौर जारी है और अपनी जेब में भरने पर उतारू है.

## छेड़छाड़ के आरोपी को 4 वर्ष की जेल

**नर्मदापुरम।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी, नर्मदापुरम राजकुमार नेमा ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश पिपरिया कैलाश प्रसाद मरकाम द्वारा निर्णय पारित करते हुए नाबालिग के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी सुनील कतिया को धारा 354 भादवि 7/8 पॉक्सो एक्ट के आरोप मे दोषी पाते हुए 04 वर्ष के कठोर कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना इस प्रकार है कि पीड़ित बालिका ने थाना बनखेड़ी में इस आशय की रिपोर्ट लेख करवाई थी कि दिनांक 07.05.20 को जब वह ग्राम जासरवानी मे अपने घर मे थी तथा उसके दादा दादी किसी कार्यक्रम मे बाहर गये हुए थे तथा उसका भाई भी घर के बाहर था। पीड़ित बालिका द्वारा घर मे खाना बनाने के पश्चात निस्तार हेतु घर के पीछे जाने पर अभियुक्त सुनील कतिया ने आकर पीड़ित बालिका को बुरी नियत से पकड़ लिया था एवं उसके कपड़े उतारने का प्रयास किया था।

## लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया, माल बरामद

**इटारसी/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरौटा उप निरीक्षक संजीव पवार एवं थाना पथरौटा की टीम द्वारा लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान बरामद करने में सफलता प्राप्त की हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 03/11/2024 को फरियादी भूरा यादव पिता विजय यादव उम्र 38 साल निवासी ग्राम आंचलखेड़ा थाना माखन नगर जिला नर्मदापुरम् ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14/10 2024 को ससुराल दीवानखरार थाना डोलरिया से अपने घर आंचलखेड़ा जाते समय रात्रि में



करीब 11.00 बजे शंकर मंदिर के पास डोलरिया रोड पर ग्राम घुरपन में एक मोटर सायकल से दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरी काले रंग की सफेद पट्टे वाली एचएफ डीलक्स मोटर सायकल, ह्श्चश्चश्थ कम्पनी का मोबाइल एवं नगदी 3000/- रूपये छीन कर ले जाने की सूचना पर अपराध क्रमांक 262/2024 घारा 309(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई मशरूका की तलाश हेतु मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी पंकज अहिरवार पिता राजू अहिरवार उम्र 20 साल निवासी ग्राम भीलाखेड़ी थाना डोलरिया जिला नर्मदापुरम् एवं एक बालक द्वारा घटना में लूटी गई काले रंग की सफेद पट्टे वाली एचएफ डीलक्स मोटर सायकल, ह्श्चश्चश्थ कम्पनी का मोबाइल, खर्च करने के बाद बचे 800 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त आरोपी का काले रंग की हीरो स्पलेण्डर मोटर सायकल बरामद की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय एवं नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया जिसे किशोर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में उप निरी. संजीव पवार थाना प्रभारी, कार्यवाहक सउनि दुर्गेश मालवीया, कार्यवाहक प्र. आर. विनोद लिखितकर, कार्यवाहक प्र. आर. दिनेश उइके, कार्यवाहक प्र. आर. दीपक बनोरिया, आर. घीरव राठौर, आर. धर्मेन्द्र कुचवंदिया, आर. टीटू मर्सकोले, आर. गुलशन सोनी, आर. संदीप यदुवंशी, आर. अभिषेक नरवरिया, प्र. आर. चालक कन्हैयालाल गौर की विशेष सराहनीय भूमिका रही हैं।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने टीम बनाई

**■ कंट्रोल रूम भी स्थापित**

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

देवउठनी एकादशी 12 नवंबर 2024 के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिहं द्वारा जिले के सभी अनुभागों के लिए बाल विवाह रोकथाम दल का गठित किए गए हैं। इसके साथ ही अनुभाग के एसडीएम एवं तहसीलदार को अनुभाग का दल प्रभारी बनाया गया है। बाल विवाह की सूचना के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा इसके लिए प्रभारी बनाए गए हैं। इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07562221666 है।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रभारी अधिकारियों को अपने दल के साथ पूरे समय अपने कार्यक्षेत्र पर




उपस्थित रहकर बाल विवाह की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कन्ट्रोल रूम प्रभारियों को दूरभाष नं. 07562221666 पर प्राप्त सूचनाएं संबंधित परियोजना अधिकारी को देने के लिए कहा गया है। सभी दलों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाहों में वर-वधुओं की आयु के प्रमाण पत्रों का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए हैं तथा वर एवं वधु की आयु कम पाए जाने पर बाल विवाह रोकने एवं वैधानिक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने उड़न दस्ता दलों को निर्देश दिए हैं कि यदि उनके क्षेत्राधिकार में कोई बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है तो बाल विवाह करने वाले एवं बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले तथा बाल विवाह में सम्मिलित बाराती, विवाह स्थल, गार्डन मालिक, टेन्ट हाउस मालिक, खाना बनाने वाले रसोइयों, केटरर, काजी, पंडित, तथा पत्रिका छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जाए। उल्लेखनीय है कि देवउठनी एकादशी विवाह मुहूर्ती के अवसर पर सामूहिक विवाहों का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों में बाल विवाह होने की संभावना होती है।

## एसएसटी चेकिंग के दौरान 9 लाख रुपए जब्त

**सीहोर।** बुधनी उपचुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एसएसटी चेक पोस्ट पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है । बकतरा स्थित एसएसटी चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान कर्मचारियों द्वारा 09 लाख 10 हजार 750 रुपये नगद राशि जब्त की गई। बुधनी उपचुनाव के कारण जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है जिसके चलते 50 हजार रुपए से अधिक नगद राशि ले जाना प्रतिबंधित है।

**मेट्रो एंकर** बैंड, नारों के साथ आम मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये किया जा रहा प्रेरित

## बुधनी उपचुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**■ स्वीप आईकॉन सारिका घारू भी हुई शामिल**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बुधनी विधानसभा में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जारी है. मतदान में शतप्रतिशत भागीदारी के लक्ष्य को लेकर सीहोर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने विशाल रैली का आयोजन किया । भैरूंदा में बी वी एम स्कूल से आरंभ होकर सीएम राईज स्कूल तक पहुंची



रैली की निरंतरता ऐसी थी कि पूरा रैली मार्ग ही प्रतिभागियों से भरा हुआ था। बैंड एवं नारों के साथ आम मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा था । रैली की विशालता ने भैरूंदा के संकल्प को बताया कि 13 नवम्बर को होने जा रहे बुदनी उपचुनाव में वे पिछला रिकार्ड भी तोड़ने जा रहे हैं । रैली के शीर्ष पर पूरे रैली मार्ग में स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने चलो रे वोट देने गीत के साथ प्रस्तुति दे रही थी ।जागरूकता सीएम राईज स्कूल प्रांगण में पहुंचकर एस डी एम मदन रघुवंशी ने रैली के उद्देश्यों को बताते हुये रिकार्ड मतदान करने की अपील की । इस अवसर पर मंच से सभी प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई । शपथ का वाचन सारिका घारू ने किया । सारिका घारू ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह के निर्देशन में वे स्वीप गतिविधियां कर रही हैं । एस डी एम मदन सिंह रघुवंशी ने कहा कि बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के तहत अधिक से अधिक मतदान के लिए अनेक स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आमलोगों , दुकानदारों, अन्य ग्राम के निवासियों को एक साथ प्रेरित करने तथा आवश्यक जानकारी देने में इस विशाल रैली से मदद मिली है । रैली में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों , आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा पुलिस प्रशासन तथा मीडिया समूह तथा गणमान्य पत्रकारों का इस रैली को सफल बनाने में योगदान रहा ।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 4 नवंबर से प्रारंभ हुए न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर सीहोर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा द्वारा लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, नालसा, बच्चों की मैत्रीपूर्ण व्यवहार योजना, विधिक सहायता एवं सलाह नेशनल लोक अदालत सालसा की योजना, शासन की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालकों की देखरेख एवं संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं विभागों एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# बस मालिक व बस स्टैंड कंडक्टर्स की थाना प्रभारी ने ली बैठक

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

बस मालिक एवं बस स्टेण्ड कंडेक्टर की बैठक पुलिस अधीक्षक को थाना परिसर सिरोंज में आयोजित शिविर में बसों की धीमी गति से चलाने एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में सुझाव प्राप्त हुआ था । पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के अनुविभागीय निर्देशानुसार अधिकारी (पुलिस) उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरोंज संदीप कुमार पवार व यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश



बाघेला आज दिनांक 07.11.2024 को बस मालिक एवं बस स्टेण्ड कंडेक्टर की बैठक ली गई थी। शहर में बसों को धीमी गति से चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे शहर में किसी प्रकार की घटना दुर्घटना न हो। जिन स्थानों पर बस स्टॉप बने है ।

वहां बस स्टॉप पर सवारी बिठाते समय बस को नीचे उतारकर ही सवारी बिठाये । निर्धारित बस स्टॉप पर ही बस रोके, अन्य स्थानों पर बसों को न रोका जाये हुए । बस स्टेण्ड से बसों को व्यवस्थित रूप से लगाया जाये । जिसे आवागमन में आम जनता को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो । वाहन संबंधी दस्तावेज पूर्ण रखे । यातायात नियमों के अनुरूप ही वाहन चलाये ।

### अबदे अली बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चौंपियन बने



**सिरोंज।** बोरवाड़ी निवासी अबदे अली राजस्थान के बीकानेर में आयोजित जेके क्लासिक बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चौंपियन बने हैं। अबदे अली को मैंस फिजिक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वही क्लासिक फिजिक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। श्री अली इससे पूर्व हुई दिल्ली में बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में चौंपियन रहे और अन्य जगह प्रतियोगिता में भी कई मेडल प्राप्त किए हैं। अबदे अली को विजेता के रूप में मोटरसाइकिल पुरस्कार के रूप में मिली है। अबदे अली सिरोंज के निवासी हैं वह भोपाल जाकर रहने लगे हैं उन्होंने सिरोंज ही नहीं भोपाल शहर का नाम भी रोशन किया है। अबदे अली को उनके कोच समीर खान ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान उनके इष्ट मित्र शादाब खान एवं अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## कलेक्टर व एसपी ने औचक निरीक्षण किया

# जिला जेल में बंदियों से संवाद कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया





**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने गुरूवार को जिला जेल विदिशा का भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने बंदियो से संवाद कर उन्हें प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं खासकर भोजन, स्वास्थ्य व न्यायालयीन सहायता के संबंध में चर्चा कर जानकारियां प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक ने भी इस दौरान बंदियो से व्यक्तिगत संवाद किया है।

महिला जेल - कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला जेल में पहुंचकर महिला बंदियो तथा उनके साथ रह रहे तीन बच्चों को देखा तथा पूछताछ कर उनकी कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की है। यहां बच्चों को उन्होंने उनके द्वारा टाफियां प्रदाय की गई। जेल अधीक्षक श्री प्रियदर्शन श्रीवास्तव ने महिला जेल में बंदियो को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने महिला जेल की बेरक में टीव्ही लगा पाए जाने पर बंदियो से पूछताछ कर यह जाना कि टेलीविजन में किस प्रकार के कार्यक्रमों को देखते है। उन्होंने छोटे बच्चों की निर्धारित आयु अनुसार शैक्षणिक व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जेल अधीक्षक प्रियदर्शन श्रीवास्तव ने बताया कि जिला जेल एवं महिला जेल में कुल 280 बंदी है। बंदियो को स्वरोजगार से संबंधी प्रशिक्षण के लिए किए गए प्रबंधो पर गहन प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था के माध्यम से महिला कैदियो के लिए खिलौना निर्माण एवं ब्यूटीशियन का कोर्स कराने की सुविधाएं उपलब्ध है जिन महिला बंदियो के द्वारा इस क्षेत्र में रूचि ली जाती है तो उन्हे शासन के नियमानुसार कोर्स कराने की प्रक्रिया क्रियान्वित की जा रही है। पुरूष बंदियो के लिए पशुपालन, बकरी पालन, डेयरी उद्योग के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बंदियो के परिजनो से मुलाकात के लिए किए गए प्रबंधो पर भी गहन प्रकाश डाला है।

### नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने महिला थाना में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालो के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। महिला थाना विदिशा में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 24६2024 का फरार आरोपी मोहित पुत्र कृष्ण कुमार गोस्वामी निवासी शेड नम्बर 267 विकास नगर गोविन्दपुरा भोपाल की की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए ती हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने नीम चौराहा से खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्रित किए



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा जिले में संचालित खाद्य दुकानों से विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाने की कार्यवाहियां निरंतर जारी है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा आज गुरूवार को शमशाबाद तहसील के महानीम चौराहा पर खाद्य दूकानों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान रामदेव ट्रेडर्स से गुलाब जामुन (पैक), कुकिंग मीडियम, खाद्य तेल आदि के नमूने लिए गए तथा देवांश किराना स्टोर से

**खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच उपरांत फैल पाए जाने पर की जाएगी आगामी कार्यवाही**

सोनपापड़ी, शक्कर, पापड़ आदि के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पन्ना ने बताया कि दुकानों से एकत्रित किए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच उपरांत फेल पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में बेस्ट प्रैक्टिसेस के आवेदन आमंत्रित, नीति आयोग कर रहा है प्रोत्साहित

**सिरोंज।** विदिशा प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग संजय कुमार शुक्ल ने जिला कलेक्टर्स को जिले में हो रहे नवाचार एवं बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने के लिये नीति आयोग के निर्देशानुसार आवेदन आमंत्रित करने पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि नीति आयोग जिलों के नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने एक मंच प्रदान कर रहा है। इसके लिये विषयवार संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। सुशासन एवं अभिनव सफल प्रथाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों की पहचान करना राज्य नीति आयोग का प्रमुख कार्य है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने कहा है कि आयोग द्वारा जिलों से प्राप्त आवेदनों को उनके नवाचार के आउटकम, रिप्लीकेबिलिटी और स्केलेबिलिटी के आधार पर चयनित किया जाएगा। चयनित किए गए जिलों के कलेक्टर या उनके जिलों के उप सचिव स्तर से अनिम्न अधिकारी को संगोष्ठी में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा अथवा बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रकाशन किया जाएगा।

# सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

गुरूवार को सिरोंज - लटेरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्ष आदि के साथ कलेक्टर कार्यालय विदिशा पहुंचकर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से भेंट के भाजपा पदाधिकारियों व विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज को जिला बनाने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी भी उपस्थित थे ।

### समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का उपार्जन जारी अब तक 590 कृषको से 1284 मै.टन क्रय

**सिरोंज।** विदिशा जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का उपार्जन कार्य जारी है। उपार्जन कार्यो के लिए नियुक्त नोडल विभाग कृषि, के उप संचालक श्री केएस खपडिया ने बताया कि जिले में अब तक 590 किसानो से 1284 मैट्रिक टन 43 उपार्जन समितियों पर क्रय किया गया है। शासन द्वारा सोयाबीन फसल के एफएक्यू के तहत विजातीय पदार्थ एवं असुधियॉ - 2 प्रतिशत तथा सिकुडी हुई , अपरिपक्व फलियॉ और फीका पडा हुआ - 5 प्रतिशत और छतिग्रस्त एवं घुनयुक्त फलियॉ - 3 प्रतिशतजबकि हार्वेस्टरर मशीन से छतिग्रस्तक फलियॉ (विजाजित, टूटी और फटी हुई) - 15 प्रतिशत, वहीं नमी की मात्रा - 12 प्रतिशत तक पाए जाने पर क्रय की जा सकेगी।

# एनएचएम की एमडी ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा एनएचएम की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती प्रियंका दास एवं कलेक्टर विदिशा रौशन कुमार सिंह ने आज जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीज को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में डॉक्टरों व अन्य स्टाफकर्मियों से संवाद कर जानकारी प्राप्त की है। उन्होंने मरीजों को समय पर स्वास्थ्य लाभ मिले और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो के संबंध में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एमडी श्रीमती दास और कलेक्टर श्री सिंह ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सबसे पहले यहां स्थापित ब्लड बैंक



का अवलोकन किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुशवाह ने ब्लड बैंक में ब्लड बैंक की कंपोनेंट यूनिट लग चुकी है, कंपोनेंट लाइसेंस एवं अनुभव हेतु आवेदन दिया जा चुका है की जानकारु दी जिस पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुशवाह को कंपोनेंट ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती दास के द्वारा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री (आईएचएफएल) का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि नवीन लैबोरेट्री प्रारंभ करने के लिए माइक्रोबायोलॉजी एवं पीसीआर के लिए मशीनों की व्यवस्था एनएचएम भोपाल द्वारा की जाएगी।

आईसीटीसी मलेरिया टीवी का मुख्य लैब में उन्नयन हो गया है। जिसका अवलोकन कर डॉक्टर शालिनी राज पैथोलॉजिस्ट को दिशा-निर्देश दिए गए। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती दास ने प्रसूति वार्ड का अवलोकन कर डॉक्टर अर्चना पटेल एवं डॉक्टर निर्मला तिवारी से डिलीवरी एवं सीजर ऑपरेशन की जानकारी ली। डिलीवरी के लिए भर्ती महिलाओं से उनकी अस्पताल में होने वाली जांच संबंधी जानकारी ली। इस दौरान सीएमएचओ डॉक्टर योगेश तिवारी, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. राजेंद्र सिंह, आरएमओ डॉक्टर पीसी मांझी साथ मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर** कार्यकारिणी समिति की बैठक एमडी की अध्यक्षता आयोजित में हुई

# महाविद्यालय व अस्पताल के माध्यम से व्यवस्थाओं के निर्णय लिए

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय-स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक आज सम्पन्न हुई। एनएचएम की एमडी श्रीमती प्रियंका दास की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल के माध्यम से क्रियान्वित व्यवस्थाओं की पूर्ति के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए गए है।

एनएचएम की एमडी श्रीमती दास ने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों से कहा कि मरीजो को समय पर इलाज मिले यहीं मूलधारणा चिकित्सा महाविद्यालय की होना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए किए जाने वाले प्रबंधो



के संबंध में विषयवार जानकारियां प्राप्त की है। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के अलावा समिति के अन्य सदस्यगण तथा विभिन्न विभागो के अधिकारी एवं चिकित्सा महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अविनाश लाग्वे मौजूद रहें। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनीष निगम ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का वाचन किया साथ ही बैठक एजेण्डा बिन्दुओं की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत करते हुए चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल के संचालन हेतु आवश्यक प्रबंधो के संबंध में अवगत कराया गया है।

### प्रतिदिन टेमोफास, मिथाइलोइल, किंग फोग ऑयल फॉगिंग ऑयल का छिड़काव



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा नगर में डेंगू जैसी बीमारियों से बचने के लिए प्रतिदिन फागिंग मशीन द्वारा धुएं का छिड़काव किया जा रहा है । जिन गलियों में फागिंग मशीन नहीं जा पाती उसके निराकरण के लिए नवीन दो छोटी फागिंग मशीन मंगाई गई जो छोटी-छोटी गलियों में भी जा सकती हैं जिससे नगर के प्रत्येक वार्ड की प्रत्येक गली में डेंगू से बचने के लिए फागिंग धुएं का छिड़काव कराया जाना संभव हो सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि डेंगू से बचने के लिए हम प्रतिदिन टेमोफास, मिथाइलोइल, किंग फोग ऑयल फॉगिंग ऑयल का छिड़काव करा रहे हैं । सभी नगर वासियों से अपील है कि अपने आसपास साफसफाई बनाए रखें एवं बीमारी से बचे।

# आइपीएल 2025 : 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह में होगी नीलामी

## इंग्लैंड के दिग्गज पेसर ने इसी साल लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, 1.25 करोड़ रुपए होगा बेस प्राइज, 1574 क्रिकेटरों ने कराया रजिस्ट्रेशन




**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग ( आइपीएल ) की 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली मेगा नीलामी के लिए देश-विदेश के कुल 1574 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है लेकिन इसमें इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स शामिल नहीं हैं। जिन खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है उसमें सबसे दिलचस्प नाम इंग्लैंड के 42 वर्षीय पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का है, जिन्होंने पहली बार इस लीग में पंजीकरण कराया है।। उनका बेस प्राइज 1.25 करोड़ रुपए हैं। भारत में जन्में अमरीका के मध्यम तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रावलकर ने भी पंजीकरण कराया है। इटली के ड्रेका भी होड़ में- मध्यम गति के तेज गेंदबाज थॉमस ड्रेका आइपीएल के लिए पंजीकरण कराने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस साल जून में इटली के लिए पदार्पण करने के बाद से 24 वर्षीय ड्रेका ने चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अगस्त में कनाडा में आयोजित ग्लोबल टी-20 लीग में अच्छा प्रदर्शन किया। इस साल की शुरुआत में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले एंडरसन ने आखिरी बार 10 साल पहले 2014 में टी-20 मैच खेला था। एंडरसन ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता दी, इस कारण

### पंत, अय्यर, राहुल का बेस प्राइज 2 करोड़

ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविचंद्रन अश्विन व युज्वेंद्र चहल का इस नीलामी में बेस प्राइज दो करोड़ रुपए होगा। वहीं, चोटिल होने के कारण पिछले साल नवंबर से बाहर चल रहे भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी दो करोड रुपए के आधार मूल्य में खुद को सूचीबद्ध किया है।

# ओलिंपिक: 2036 की मेजबानी के लिए भारतीय दावेदारी पेश

## मंजूरी मिली तो अहमदाबाद में होंगे गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स होस्ट किए

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलिंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान मनु भाकर और हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने तिरंगा थामा था। - छ्ड्डद्वठ्ठद्व क्ष्द्धड्ढद्धद्मड्ढ पेरिस ओलिंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान मनु भाकर और हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने तिरंगा थामा था। भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश कर दी है। इसके तहत इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (द्धह्व) ने इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (द्धह्रष्ट) को लेटर लिखा है। गेम्स अहमदाबाद के सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो सकते हैं। केंद्रीय खेल मंत्रालय में मौजूद दैनिक भास्कर के सूत्रों ने पुष्टि की है कि भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए द्धह्रष्ट से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की है। यदि भारत ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी हासिल कर लेता है, तो यह पहला मौका होगा, जब यहां ओलिंपिक गेम्स का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त



को लाल किले से कहा था- भारत ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी करेगा। 3 महीने पहले पेरिस में आयोजित ओलिंपिक गेम्स में इंडियन प्लेयर्स ने एक सिल्वर समेत 6 मेडल जीते थे। 2032 तक के मेजबान तय हैं, 2036 के लिए बिडिंग होगी 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं। 2 एशियन और एक कॉमनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। देश ने आखिरी बार 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

### कबड्डी, शतरंज और क्रिकेट भी हो सकते हैं ओलंपिक में शामिल

यह भी पता चला है कि यदि भारत को मेजबानी मिलती है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा. भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (स्ह्रष्ट) ने नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया को ओलंपिक मेजबानी हासिल करने के लिए आवश्यक उपायों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की है. इस रिपोर्ट में एमओसी ने छह खेलों की पहचान की है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जाएगा. इन खेलों में योग, खो खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं. हालांकि पीटी उषा का आईओए के कार्यकारी परिषद के सदस्यों के साथ विवाद चल रहा है. उषा आईओए सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति के मामले में कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों के साथ विवाद में उलझी हुई हैं. उन्होंने स्वीकार किया कि आगे की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी. लेकिन आईओए कुछ आंतरिक चुनौतियों के बावजूद 2036 के ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी सरकार की इच्छा जताई थी. उषा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल आईओसी सत्र के दौरान 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी के लिए भारत का पक्ष सामने रखा था. तब से हमने आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और भविष्य के मेजबान आयोग के अधिकारियों के साथ नियमित संचार बनाए रखा है.




### फुटबॉल: स्पोर्टिंग ने घरेलू मैदान पर 4-1 से जीत हासिल की

# स्पोर्टिंग लिस्बन ने पहली बार चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी को दी शिकस्त

**लिस्बन. एजेंसी**

मेजबान स्पोर्टिंग लिस्बन ने यूएफा चैंपियंस लीग में बड़ा उलटफेर करते हुए मैनचेस्टर सिटी को 4-1 से करारी शिकस्त दी। स्पोर्टिंग लिस्बन ने इस टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार मैनचेस्टर सिटी को हराया है। स्पोर्टिंग लिस्बन ने किसी भी टूर्नामेंट में 12 साल बाद मैनचेस्टर सिटी को हराया है। स्पोर्टिंग लिस्बन ने कुल चार मैच खेले और तीन जीत व एक ड्रॉ से वह दूसरे स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी को एक सप्ताह में अलग-अलग टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी है। इससे पहले, 2021 मई-अगस्त के बीच उसने लगातार तीन मैच गंवाए थे। मैनचेस्टर सिटी चार मैचों में दो जीत, एक हार और एक ड्रॉ से तालिका में छठे स्थान पर है।

**एसी मिलान से हारी चैंपियन रियाल मैड्रिड:** मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड को भी चैंपियंस लीग में हार झेलनी पड़ी। एसी मिलान ने रियाल मैड्रिड को 3-1 से मात दी। चार मैच में दो हार से रियाल मैड्रिड तालिका में 17वें और एसी मिलान दूसरी जीत के साथ 18वें पायदान पर है। हम गोल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



## मेट्रो बाजार

# ट्रंप की जीत से भारत-अमरीका में फिर शुरू हो सकता है टैरिफ वॉर!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की आपसी ताल्लुकात काफी गर्मजोशी से भरी दिखाई देती हैं। लेकिन पीएम मोदी के साथ इतनी घनिष्ठता होने के बावजूद ट्रंप भारत पर ट्रेड ड्यूटी को लेकर बेहद आक्रामक रहे हैं। भारत को उन्होंने टैरिफ किंग से लेकर ट्रेड एब्यूजर तक कह डाला है। इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में भी डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ पारस्परिक टैक्स लगाने की बात कही है। अमरीका फर्स्ट का



नारा देने वाले ट्रंप ने अमरीकी लोगों से वादा किया था कि अगर वो सत्ता में आए तो चीन ही नहीं, भारत पर भी ज्यादा टैक्स लगाएंगे। ये भारत के नजरिए काफी नकारात्मक टिप्पणी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या एक बार फिर भारत और अमरीका के बीच टैरिफ वॉर शुरू हो सकता है। भारतीय एक्सपोर्ट सेक्टर लाभ मिल सकता है, चूंकि चीनी प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ है जिससे अमरीकी बाजार में भारतीय ऑटो पार्ट्स, सौर उपकरण और रासायनिक उत्पाद की मांग बढ़ सकती है। ट्रंप की जीवाश्म ईंधन नीतियों और चीनी की धीमी इकनॉमिक ग्रोथ के कारण ऊर्जा लागत कम हो सकती है। इससे भारतीय गैस वितरण कंपनियों के फायदा हो सकता है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत होने से भारत के मैन्युफैक्चरिंग और डिफेंस सेक्टर में तेजी आ सकती है। चीन प्लस वन की नीति से अमरीका भारत से सप्लाई बढ़ा सकता है। ऐसे में सप्लाई चेन में सुधार होने से भारतीय व्यापार को मदद मिल सकती है। ट्रंप का जोर औद्योगिक विकास पर होता है। ऐसे में दोनों देशों की कंपनियों को लाभ होगा।

## रिलायंस पावर किसी टेंडर के लिए बोली नहीं लगा सकेगी

**मुंबई, एजेंसी**

सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने अनिल अंबानी की रिलायंस पावर और उसकी सब्सिडियरी कंपनियों को आने वाले किसी भी टेंडर के लिए बोली लगाने से 3 साल के लिए बैन कर दिया है। अनिल अंबानी की कंपनियों ने टेंडर के लिए फर्जी बैंक गारंटी जमा कराई थी, जिसके कारण न्यू और रिन्युएबल एनर्जी मिनिस्ट्री की कंपनी SECI ने यह कार्रवाई की है। SECI ने बयान जारी कर कहा- कंपनी की ओर से बोली के आखिरी राउंड में फर्जी बैंक गारंटी दी गई, जिसके बाद इन कंपनियों को बैन किया गया है। इसके साथ ही SECI ने रिलायंस पावर की सब्सिडियरी कंपनी की ओर से बैंक गारंटी में गड़बड़ियां मिलने पर आखिरी राउंड की बोली को रद्द कर दिया था। रिलायंस लिमिटेड ने टेंडर के लिए जरूरी जो बैंक गारंटी दी थी, वह फर्जी थी। यह गड़बड़ी ई-रिवर्स नीलामी के बाद पाई गई थी, इसलिए टेंडर की प्रक्रिया को कैसिंल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## राहत की बात: विदेशी गिरावट से सोयाबीन तेल नरम


**इंदौर, एजेंसी**

शिकागो वायदा के भाव तेजी से गिर गए, क्योकिं अमेरीकी चुनाव के नतीजों में रिपब्लिन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की जीत हुई। ट्रम्प की जीते से डॉलर को मजबूत कर दिया, जिससे कई वस्तुओं की कीमतों में गिरावट देखने की मिली। विदेशी बाजारों में आई गिरावट से घरेलू स्तर पर सोया तेल के दाम नरम रहे। सोयाबीन में गिरावट दर्ज की गई।

**आयातित मालों में तेजी से तुवर के दाम बढ़े:** डॉलर की मजबूती के चलते आयातित मालों में तेजी आई है, जिससे घरेलू बाजार में तुवर के भाव बढ़ गए। चना शाम को बढ़कर 7300 रुपए क्विंटल बिका। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने पिछ्ले साल की तुलना में चालू खरीफ सीजन के दौरान उड़द का घरेलू उत्पादन 16.04 लाख टन से करीब 25 प्रतिशत या 4 लाख टन घटकर 12.09 लाख टन पर सिमटने का अनुमान लगाया है लेकिन इसके बावजूद उद्योग-व्यापार समीक्षकों का मानना है। कि निकट भविष्य में इसकी आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति संतोषजनक रहेगी।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



## भक्ति में लीन दिखीं जान्हवी, अंजनेय मंदिर में की पूजा

जान्हवी कपूर जल्द ही आरसी 16 नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेत्री को फिल्म के निर्देशक के साथ अंजनेय स्वामी मंदिर में पूजा करते हुए देखा गया। हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री जान्हवी कपूर, बॉलीवुड के बाद अब साउथ में भी अपनी किस्मत आजमा रही हैं। हाल ही में उन्हें फिल्म देवरा में देखा गया था। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर उनके साथ नजर आए थे। वह जल्द ही एक और फिल्म में दिखने वाली हैं, जिसे अस्थाई तौर पर आरसी 16 नाम दिया गया है। फिल्म की लगातार हो रही चर्चा के बीच जान्हवी को हाल ही में हैदराबाद के मधुरानगर में श्री अंजनेया स्वामी मंदिर में एक विशेष पूजा करते हुए देखा गया। मंदिर से अभिनेत्री की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आए। इन फोटो में जान्हवी को पारंपरिक परिधान में देखा जा सकता है। इसमें वह कई लोगों की मौजूदगी में फर्श पर बैठी हुई दिखाई दे रही हैं, जिन्होंने उनके साथ पूजा अनुष्ठान भी किया। मंदिर में जान्हवी को माला पहने और माथे पर टीका लगाए भी देखा गया। उन्होंने मंदिर में कथित तौर पर लगभग 30 मिनट बिताए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म निर्माता बुची बाबू सना भी जान्हवी के साथ थे। आरसी 16 की बात करें तो कई रिपोर्टों में यह दावा किया गया है कि जान्हवी ने हाल ही में हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म के लिए लुक टेस्ट पूरा किया है। जान्हवी आरसी 16 में राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म को आधिकारिक तौर पर मार्च 2024 में लॉन्च किया गया था। उस समय, जान्हवी और राम चरण को उपासना, चिरंजीवी और जान्हवी के पिता, निर्माता बोनी कपूर के साथ निर्माताओं द्वारा आयोजित एक विशेष पूजा समारोह में देखा गया था।

### इस फिल्म में भी कर रही काम


वर्क फ्रंट की बात करें तो इस फिल्म के अलावा उनके पास सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी नाम की भी फिल्म है। इसका निर्देशन शशांक खेतान कर रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस में बन रही इस फिल्म को 18 अप्रैल 2025 को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी चल रही है।

## एक जैसे किरदार निभा रहे के के मेनन, अब टाइपकास्ट दिखने लगे हैं 'सिटाडेल' के 'गुरु'



के के मेनन हाल ही में सिटाडेल हनी बनी नाम की वेब सीरीज में नजर आए हैं। इसमें वह जासूसों के गुरु बने दिखाई दिए हैं। यह पहला मौका नहीं है जब वह किसी सस्पेंस थ्रिलर प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। इससे पहले भी वह इस तरह की कई फिल्मों और सीरीज में नजर आ चुके हैं। वेब सीरीज सिटाडेल लंबे इंतजार के बाद आखिरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर आ चुकी है। इस शो में वरुण धवन के साथ सामंथा रुथ प्रभु मुख्य किरदार में हैं। शो का निर्देशन द फैमिली मैन और फर्जी जैसी सीरीज बना चुके राज और डीके ने किया है। वहीं, सीरीज में के के मेनन भी हैं। इसमें वह गुरु नाम के शख्स की भूमिका में हैं। केके मेनन यहां बाबा बने हैं। बाबा यानी अनाथ बच्चों के लिए पिता समान शख्सियत। अनाथालय के बच्चों पर दया दिखाना, उन्हें पढ़ाना लिखाना, ट्रेनिंग देना और फिर इन बच्चों के बड़ा होने पर उन्हें जासूस बनाकर उनका रिंग मास्टर बन जाना। यह पहला मौका नहीं है जब के के मेनन इस तरह की किसी जासूसी सीरीज या फिल्म में नजर आए हैं। इससे पहले भी वह कई स्पाई थ्रिलर प्रोजेक्ट का हिस्सा रह चुके हैं। लंबे समय से के के लगातार पर्दे पर गैंग्सटर और जासूस बनते चले आ रहे हैं। अब इस तरह के किरदार में टाइपकास्ट नजर आने लगे हैं। हाल ही में जियो सिनेमा पर रिलीज हुई सीरीज शेखर होम में वह एक जासूस के किरदार में नजर आए थे। वहीं, स्पेशल ऑप्स की सीरीज में वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह की भूमिका में पिछले दो सीजन में नजर आ चुके हैं।

## एक बार फिर 'भूतनाथ' बन लोगों को हंसाने और डराने आएंगे अमिताभ बच्चन? शाहरुख भी होंगे



लोकप्रिय भूतनाथ फेंचाइजी अपनी तीसरी फिल्म भूतनाथ 3 के साथ वापसी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म अभी भी स्क्रिप्टिंग चरण में है और इसका निर्माण भूषण कुमार और बीआर फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। 2008 में अमिताभ बच्चन ने विवेक शर्मा द्वारा निर्देशित भूतनाथ में प्यारे भूत की भूमिका निभाई थी, जिसमें शाहरुख खान ने एक कैमियो किया था। छह साल बाद अमिताभ बच्चन नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित भूतनाथ रिटर्न्स में लौटे, जिसने फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता को मजबूत किया। शाहरुख दूसरे भाग में भी दिखाई दिए। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्माता भूषण कुमार और बीआर फिल्म्स एक नई किस्त के साथ भूतनाथ फ्रेंचाइजी को पुनर्जीवित करने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि लोकप्रिय भूतनाथ फ्रेंचाइजी अपनी तीसरी फिल्म भूतनाथ 3 के साथ वापसी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म अभी भी स्क्रिप्टिंग चरण में है और इसका निर्माण भूषण कुमार और बीआर फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। परियोजना से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होगी और अगले साल रिलीज की तारीख तय की जाएगी। दावा किया गया कि भूतनाथ 3 के लिए कलाकारों का चयन अभी तक नहीं हुआ है, लेकिन अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान की वापसी तय है। कहा गया कि पहले और दूसरे भाग में खान की छोटी सी भूमिका थी, लेकिन निर्माता तीसरे भाग के लिए बड़ा लक्ष्य बना रहे हैं। हालांकि, यह बताया गया कि अंत में ये सभी निर्णय फिल्म की स्क्रिप्ट पर निर्भर होंगे। भूतनाथ फ्रेंचाइजी हॉरर और कॉमेडी के अपने अनोखे मिश्रण के लिए मशहूर है, जिसमें एक प्यारा भूत नायक के रूप में है। यह अनूठी अवधारणा इसे शैली की अन्य फिल्मों से अलग बनाती है। भूतनाथ को अन्य सभी हॉरर कॉमेडी से अलग करने वाली बात यह है कि %भूतनाथ% में भूत प्यारा है और एक निजी कारण से वापस आता है। फ्रेंचाइजी के विस्तार की योजनाओं के बारे में भी खुलासा किया गया।

### महानगरों की तर्ज पर शहर में बढ़ रही हैं रोड रेज की घटनाएं

# मामूली हादसों के बाद सड़क पर फूट रहा है वाहन चालकों का गुस्सा

**हर दूसरे दिन एक मामला आ रहा है सामने**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दिल्ली व अन्य महानगरों की तर्ज पर राजधानी में भी रोड रेज की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। शहर में हर दूसरे दिन रोड रेज यानि मामूली सडक हादसे के बाद वाहन चालकों के बीच विवाद की एक घटना हो रही है। जनवरी 2024 से अप्रैल माह तक चार माह के दौरान रोड रेज के करीब 35 से 40 मामले सामने आ चुके हैं। जनवरी 2024 में सडक हादसे को लेकर हुए विवाद के चलते निजी कंपनी के मुख्य तकनीकी अधिकारी ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की कार को टक्कर मारकर अभ्रदता की थी। आरोपी ने ड्रायवर के साथ मारपीट कर अपनी एसयूवी से कुचलने का प्रयास किया था। बाग सेवनियां पुलिस ने इस मामले में निजी कंपनी के अधिकारी के खिलाफ हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।



#### विवाद के बाद कार चालक ने खाया जहर

दो अप्रैल 2024 को बाग सेवनियां थाने से चंद कदम दूर मेनरोड पर कार और स्कूटी की टक्कर के बाद वाहन चालकों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान कार चालक बुधनी निवासी विनोद तिवारी (40) ने हजार्ना देने की बात कही। स्कूटी सवार नहीं माना और रिपोर्ट दर्ज कराने थाने चला गया। मारे डर के विनोद तिवारी ने अपने पास रखा जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

#### कार से टक्कर के बाद रॉड से हमला, तलवारें चमकाई

जनवरी माह 2024 के अंत में रातीबड़ के श्रीराम कॉलोनी बरखेड़ी कला में रिवर्स लेते समय कार में टक्कर लगने के बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद के चलते सिक्युरिटी एजेंसी संचालक श्रीनिवास पांडेय ने प्रापर्टी डीलर दीपक तिवारी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। प्रापर्टी डीलर की तरह से भी मारपीट कर तलवारें चमकाई गईं। पुलिस ने इस मामले में उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज किए थे।

#### महिला डॉक्टर की कार का कांच तोड़ा

विगत 27 जनवरी 2024 को कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर के पास जीएमसी की डॉक्टर डॉ. श्वेता श्रीवास्तव (47) की कार को बाइकसवार ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर बाइकवार ने ड्राइवर सीट के पास आकर महिला डॉक्टर से गाली-गलौज की। गाली देने से मना करने पर गुस्साए बाइकसवार ने कार के आगे का कांच हाथ मारकर तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देकर बाइकसवार वहां से भाग निकला। महिला ने अपने पति को फोन लगाकर सारी बात बताई। बाद में दंपति थाने पहुंचे और बाइकसवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

**दिमाग पर नकारात्मक विचार हावी हो रहे हैं**

लोग प्राकृतिक और शांत जीवन से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले हत्या अथवा अन्य हिंसक कंटेंट नकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। लोगों में गुस्सा और चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है। धैर्य की कमी हो रही है। हर आदमी खुद को ज्यादा तरजीह देने लगा है। खुद की गलती मामने को तैयार नहीं होते।

–**डॉ. रूमा भट्टाचार्य**, वरिष्ठ मनोचिकित्सक

#### व्यापारी के परिवार के साथ मारपीट, बेटी से छेड़छाड़

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित शमशाबाद चौराहे पर विदिशा से तरावली हरिसिद्ध मंदिर दर्शन के लिए आए व्यापारी परिवार के साथ चार सगे भाइयों ने कट मारने के विवाद पर मारपीट की। बदमाशों ने पहले व्यापारी और उनके बेटे को लाठी-डंडों से पीटा फिर स्कार्पियो में सवार कॉलेज छात्र को बाहर खींचकर मारपीट व छेड़छाड़ की। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर धर्मेन्द्र, दीपक, राजा व रवि के खिलाफ अड़ीबाजी, मारपीट, छेड़छाड़ व तोडफोड़ समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया।

मंगलवारा थाने के पीछे हम्मालपुरा इलाके में कार के गेट से वाहन टकराने को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद बढे पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने प्रापर्टी डीलर बल्ली व दूसरी ओर से मुजम्मिल कुरैशी की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज किए।

#### क्या होता रहै रोड रेज

रोड रेज का मतलब उस घटना से है जो रोड यानि सडक पर मामूली अथवा गैर-मामूली सडक हादसे जैसे किसी गाड़ी को ओवरटेक करना, तेज हॉर्न बजाना, मामूली कट लग जाने के बाद वाहन चालकों के गुस्से की शक्ल में सामने आती है। ऐसे मामलों में मारपीट और गाली-गलौज या जानलेवा हमला तक कर दिया जाता है।

## बैरागढ़ में तीन कपड़ा दुकानों में आग लगने से करोड़ों का नुकसान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के उपनगर बैरागढ़ में मुख्य मार्ग स्थित नेहरू मार्केट में आज तड़के तीन कपड़ों की दुकान में आग लग गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना सुबह पांच बजे की है, जिस पर दो घंटे की मशक्कत के बाद एक दर्जन दमकलों ने काबू पाया। आग से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। अगर घटना स्थल पर फ़ायर दमकलें और पहले पहुंचती तो काफ़ी बचाव हो सकता था। आग मुख्य मार्ग स्थित मोहिनी टेक्सटाइल्स में शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई, जिसने पास की दो और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलने पर दुकान मालिक और व्यापारी घटना स्थल पर पहुंच गए थे।

आग को बुझाने के लिए बैरागढ़, फतेहगढ़, गांधीनगर समेत अन्य फायर स्टेशनों से करीब एक दर्जन दमकलों को आना पड़ा।

## जलेबी की दुकान पर मिला 25 हजार का इनामी, जोधपुर पुलिस लेकर भोपाल पहुंची

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजस्थान की जोधपुर पुलिस ने भोपाल के पिपलानी स्थित एक जलेबी की दुकान से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था।उसके खिलाफ दो स्थाई वारंट भी जारी थी।जोधपुर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।हालांकि इस मामले में स्थानीय पिपलानी पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार कालूराम बेनीवाल उर्फ केडी पुत्र नेताराम जाट (30) मूलतः ग्राम केरली नाडी, सालवा कल्ला, थाना डागियावास जिला जोधपुर पूर्व राजस्थान का रहने वाला है।वह वर्ष 2020 में स्थानीय थाने डागियावास में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था।इसके अलावा आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में उसके खिलाफ



स्थाई वारंट जारी थी।वर्ष 2011 से लेकर अब तक आरोपी के खिलाफ कुल 8 गंभीर अपराध जोधपुर के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस आयुक्त जोधपुर ने आरोपी की गिफ्तारी पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित कर रखा था।आरोपी की तलाश में लगी पुलिस टीम को पता चला कि वह अलग अलग राज्यों में मिठाई की दुकान पर काम करते हुए फरारी काट रहा था।वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता और परिजनों से भी संपर्क नहीं रखता है। फरार काटने के लिए साथ काम करने वाले और दोस्तों की मदद लिया करता था।इसी बीच पुलिस को पता चला कि आरोपी इन दिनों भोपाल के पिपलानी थानांतर्गत सोनागिरी स्थित एक जलेबी की दुकान पर काम कर रहा है।जोधपुर पुलिस की एक टीम भोपाल पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर ले

### 100 से ज्याद सीसीटीवी कैमरे खंगाले मुखबिर से मिली सूचना पर दबोचा

## शिक्षिका का मोबाइल लूटने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर इलाके में दिनदहाड़े एक महिला टीचर का मोबाइल फोन लूटने वाले बाइक सवार तीनों बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों की तलाश में घटनास्थल समेत सभी मार्गों पर लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए।

गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद तीनों को मिसरोद बायपास से दबोच लिया गया। आरोपियों से लूटा गया मोबाइल जब्त हुआ है। जानकारी के अनुसार कटारा हिल्स में रहने वाली पूजा खरे (36) बरखेड़ी जहांगीराबाद स्थित सीएम राइज स्कूल में अतिथि शिक्षिक हैं। बुधवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह इलेक्ट्रिक रिक्शा से रोशनपुरा चौराहा पहुंची। यहां से उन्हें कटारा हिल्स जाने वाली बस पकडऩी थी।

वह बेतवा अपार्टमेंट के पास बस स्टाप पर खड़ी थी, तभी रंगमहल चौराहे की तरफ से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और पैंतालीस बंगले की तरफ भाग निकले। बाद में उन्होंने थाने जाकर लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।




मंडीदीप के रहने वाले हैं आरोपी घटना के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों को फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। गुरुवार को सूचना मिली कि टीटी नगर इलाके में मोबाइल झपटने वाले हुलिए के तीन लड़के मिसरोद बायपास पर खड़े हैं। पुलिस टीम पहुंची तो तीनों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम जगदीश अहिरवार (21) निवासी काछी मोहल्ला स्टेशन के पास मण्डीदीप, राहुल मांझी (21) निवासी फूलचंद नगर मण्डीदीप और एक नाबालिग बताया गया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

## अश्लील हरकत करने वाले मनचलों पर केस दर्ज

महिलाओं के साथ होने वाली अश्लील हरकतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कोलार इलाके में महिलाओं को परेशान करने वाले एक युवक के खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। इधर हबीबगंज पुलिस ने एक युवत की रिपोर्ट पर दो युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में अपराध कायम किया है। पुलिस के मुताबिक कोलार इलाके में रहने वाली 26 वर्षीय महिला प्रायवेट नौकरी करती है। पड़ोस में रहने वाला संतोष नामक युवक आसपास की महिलाओं पर बुरी नजर रखता है। वह महिलाओं घूरने के साथ ही अश्लील इशारे करता रहता था। आसपास रहने वाली दो महिलाएं उससे सबसे ज्यादा परेशान हो चुकी थी। बुधवार रात दोनों महिलाओं ने थाने जाकर संतोष के खिलाफ शिकायत कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी छेड़छाड़ के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन उसकी हरकतें बंद नहीं हुई। इधर हबीबगंज इलाके में रहने वाली 20 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर लक्की और शैलेंद्र नामक युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है।

## दीपावली मनाने गई महिला के मकान पर चोरों का धावा, हजारों के माल पर किया हाथ साफ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दीपावली का त्यौहार मनाने पैतृक गांव गई एक महिला के सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। कई अन्य स्थानों पर भी चोरों ने धावा बोलकर हजारों का माल चोरी कर लिया। पुलिस के मुताबिक वंदना सोंधिया (50) सेशन हाउस स्टाफ क्वार्टर ईदगाह हिल्स में रहती हैं। उनके पति रजिस्ट्रार कार्यालय में वाहन चालक हैं। बीती 27 अक्टूबर को वंदना परिवार समेत घर पर ताला लगाकर दीपावली मनाने के लिए अपने पैतृक गांव रीवा चली गई थी। दो नंबर को पड़ोसी ने घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी। पांच नवंबर घर पहुंचकर उन्होंने सामान चैक किया तो अंदर रखा पीतल का सिंहासन, पीतल का मोर, पीतल का कछुआ, गुल्लक जिसमें चिल्लर, चांदी की दो पायल, चांदी की दो चैन, तीन कढ़ाई, कुकर, सोने बाली और नगदी करीब 12 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सोने के जेवरात और सामान चोरी इधर बैरागढ़ थानांतर्गत फूल बगिया



में रहने वाले सोहेल अहमद (34) पीओपी का काम करते हैं। बीती 25 अक्टूबर को वह मकान पर ताला लगाकर पैतृक गांव बलरामपुर उत्तर प्रदेश चले गए थे। बुधवार की सुबह वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर घर में रखे सोने के टाप्स, बैगार सिम के पुराने मोबाइल फोन समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

#### स्पीकर और गुल्लक ले उड़े बदमाश

शाहपुरा थानांतर्गत रोहित नगर में रहने वाली नवनीत कौर (34) मीडियाकर्मी हैं।

बीती दो नवंबर को वह अपने परिवार के साथ राजकोट चली गई थी। पेड़ पौधों में पानी डालने के लिए वह घर पर काम करने वाली बाई को चाबी दे गई थी। बुधवार सुबह बाई घर पहुंची तो उसे एक कमरे का ताला टूटा मिला। शाम को नवनीत घर पहुंची तो पता चला कि बदमाश एक स्पीकर और गुल्लक चोरी कर ले गए हैं। हालांकि बाकी कमरों के ताले बदमाशों ने नहीं तोड़े थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मर में लगी आग

**भोपाल।** जहांगीराबाद स्थित एक कार शोरूम के सर्विस सेंटर पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग के चलते आग लग गई। सूचना मिलते ही पुल बोगदा और फतेहगढ़ से पहुंची तीन दमकलों ने कुछ ही देर में आग का काबू पा लिया। बताया जाता कि जिंसी स्थित कार शोरूम के पीछे ही सर्विस सेंटर है, जहां ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। गुरुवार रात अचानक ओवरलोड बढ़ा जिसके बाद आग लग गई। पुल बोगदा से दो और फतेहगढ़ से पहुंची एक दमकल ने आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर के आसपास गाडिय़ों का स्क्रैप पड़ा हुआ था, जो आग की चपेट में आकर जल गया।हालांकि नई और पुरानी गाडिय़ों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

## चैकिंग के दौरान पकड़ाया जिलाबदर बदमाश

**भोपाल।** कटारा हिल्स पुलिस ने गुंडे और बदमाशों की चैकिंग के दौरान एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी आदेश का उल्लंघन कर घर के आसपास ही घूमता हुआ मिला। उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक अशोक मीणा पुत्र चतुरनारायण मीणा (45) ग्राम बर्राई थाना कटारा हिल्स का रहने वाला है। पुलिस आयुक्त ने उसके खिलाफ बीती 5 अगस्त को जिलाबदर के आदेश जारी किए थे। आदेश के तहत बदमाश को छह महीने के लिए भोपाल शहर से बाहर रहना था। बीती रात पुलिस टीम गुंडे और बदमाशों की चैकिंग करते हुए बर्राई पहुंची तो बदमाश अशोक मीणा मोहल्ले में ही घूमते हुए मिल गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बिजेन्द्र निगम, एसआई कुशलेन्द्र सिंह बघेल, हेड कांस्टेबल दीपक मालवीय, आरक्षक सुभाष पटेल और मुकेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## अचानक बढ़ाई गई अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार सुबह अचानक ही जयप्रकाश अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। कुछ देर बाद पता चला कि केंद्रीय जेल में बंद सिमी आतंकी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। जेल प्रबंधन ने इलाज कराने के बाद उसे वापस केंद्रीय जेल पहुंचा दिया। दरअसल सिमी आतंकी आमिल परवेज (50) पिछले आठ सालों से केंद्रीय जेल भोपाल में बंद है। उसे समय-समय पर रूटीन चैकअप के लिए अस्पताल लाया जाता है। गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे आमिल को कड़ी सुरक्षा के बीच जयप्रकाश अस्पताल लाया गया था। उसके पहले पुलिस ने पूरे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी थी। आसपास के थानों का बल भी मौके पर पहुंच गया था। करीब एक घंटे हुई विभिन्न प्रकार की जांच और चैकअप के बाद उसे वापस केंद्रीय जेल दाखिल करवाया गया। आतंकी के इलाज के दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

**आतंकी के इलाज के दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद रहे**

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022